# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–256 । सागर, रविवार, 5 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए







प्रधानमंत्री ने रतलाम की चुनावी सभा में विपक्ष पर साधा निशाना, कहा-

## कांग्रेस के नेताओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बीच घमासान मचा हुआ है, लेकिन यह तो सिर्फ ट्रेलर है, कांग्रेस की असली पिक्चर तो चुनाव परिणाम के बाद सामने आएगी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ये दोनों नेताओं के बीच इस बात की लड़ाई है कि किसका बेटा मध्यप्रदेश कांग्रेस पर काबिज होगा।

श्री मोदी ने आज रतलाम में चुनावी सभा के साथ राज्य में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने रतलाम, धार और उज्जैन के 9 विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास विकास की सोच नहीं है। कांग्रेस के नेता फिल्मी हैं, उनके डायलॉग भी फिल्मी हैं, घोषणाएं भी फिल्मी है। जब किरदार फिल्मी है तो सीन भी फिल्मी होगा। कांग्रेस के दो नेताओं के बीच कपड़े फाड़ने की प्रतियोगिता चल रही है। इसके पहले श्री मोदी ने सभा की शुरूआत में रतलामी सेव की तारीफ की और कहा कि 3 दिसंबर को जब भाजपा सरकार की वापसी का जश्न मनेगा तो लड्डू के साथ रतलामी सेव भी खूब खाए जाएंगे। श्री मोदी ने दावा किया कि भाजपा के समर्थन में आंधी चल रही है, जो लोग दिल्ली में बैठ कर गुणा भाग करते हैं, उनका हिसाब आज बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि अब चर्चा केवल इस बात की होगी कि भाजपा दो तिहाई से बहुमत से आएगी या उससे कम से। उन्होंने कांग्रेस पर झूठी घोषणाएं करने का आरोप लगाया और कहा कि 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस की हकीकत सामने आ जाएगी।

शिवराज ने लोगों से पूछा-

### भाजपा ने जितना विकास किया, क्या कांग्रेस ने कभी किया था?

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान, सम्मान और स्थान सारी दुनिया में बढ़ा है। उनका नेतृत्व पाकर हम सचमुच धन्य हैं। श्री चौहान ने कहा कि मोदी जी के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश के विकास में और जनता के कल्याण में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी है। बीते सालों में हमने बेहतर सरकार चलाने की कोशिश की है। आप ही बताएं, हमारी सरकार ने विकास के जितने काम किए हैं, क्या कभी कांग्रेस ने किए थे? गरीबों के, बहन-बेटियों के कल्याण के लिए जितनी योजनाएं भाजपा की सरकार ने बनाई हैं, क्या कभी कांग्रेस की सरकार ने बनाई थी? बीते सालों में जिस तरह से हमने प्रदेश में सरकार चलाई, क्या कभी कांग्रेस ने चलाई थी? अगर आप इसे मानते हैं, तो इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलना चाहिए और प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कटंगी और शहपुर की सभाओं में मोदी सरकार को घेरा, लगाया आरोप

## भाजपा जांच एजेंसियों के सहारे चुनाव जीतना चाहती है



**भोपाल/बालाघाट, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ईडी और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का सहारा लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को दबाना चाहते हैं चुनाव जीतना चाहते हैं। वे आज बालाघाट जिले के कटंगी और मंडलवा जिले के शहपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी सभा को संबोधित किया।

श्री खड़गे ने कहा कि मैं भी आप से यही कहना चाहता हूं कि आज आपको किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है। महात्मा गांधी जी के मंत्र 'डरो नहीं' से ही ब्रिटिश शासन को भारत से भागने का काम हम सभी ने किया था और इस भाजपा सरकार को लगता है कि यह कांग्रेसी डर जाएंगे तो वे बहुत बड़ी गलतफहमी में है। श्री खड़गे ने जीत का दावा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में हर हालत में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों और मजदूरों और समाज में दबे कुचले लोगों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि बालाघाट से कांग्रेस लगातार जीतती रही है, मुझे आप सभी में कांग्रेस का डटकर समर्थन करने वाला स्वाभिमान दिख रहा है और मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिस मनरेगा के बारे में मोदी जी संसद में कह रहे थे कि यह कांग्रेस की विफलताओं का जीता जागता उदाहरण है वही मनरेगा कोविड के समय में उनकी सरकार में सबसे ज्यादा काम आया।

उन्होंने कहा कि मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हम महिलाओं के लिए 15 सौ रुपये महीने देने का विशेष काम करेंगे, युवाओं को नौकरी देने का काम करेंगे, किसानों को 25 सौ धान और 26 सौ रुपये गेहूं के लिए समर्थन मूल्य देंगे। श्री खड़गे ने सवाल किया कि भाजपा ने क्या कोई देश में बहुत बड़ा काम किया? क्या इन्होंने प्रदेश में कोई कारखाने लगाने का काम किया? क्या इन्होंने कोई बड़े स्कूल या बड़े इंस्टीट्यूट बनाने का काम किया? वहीं भारत की आजादी से लेकर अभी तक कांग्रेस ने, स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जी ने, स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी, स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी ने, स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने इस देश के लिए सबसे ज्यादा काम किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश में 225 महीने की भाजपा सरकार ने 250 से ज्यादा घोटाले करने का काम किया है और 1 लाख 50 हजार करोड़ से ज्यादा का भ्रष्टाचार मप्र में किया है। उन्होंने भाजपा पर बड़े उद्योगपतियों की हितैषी होने और उन्हें लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। इस दौरान श्री खड़गे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र भी किया।

श्री खड़गे ने मतदाताओं से सावधानीपूर्वक सोच समझकर वोट करने की अपील मंच से की। सभा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी सम्बोधित किया और भाजपा पर तीखा हमला बोला।

## नेपाल में भूकंप से मरने वाली की संख्या 157 हुई

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 32 मिनट पर 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, अब तक 157 लोग मारे जा चुके हैं। सैकड़ों घरों के नुकसान की भी खबर है। हालांकि इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं आया है। भूकंप का केंद्र काठमांडू से 331 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 10 किमी जमीन के नीचे था। जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिले में भूकंप का असर सबसे ज्यादा देखा गया। यहां अब तक 105 और 38 लोगों की मौत हो चुकी है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड हालात का जायजा लेने जाजरकोट पहुंच चुके हैं। नेपाल की सरकार ने दोनों जगहों पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के लिए लगभग 6 करोड़ 30 लाख नेपाली रुपए का फंड जारी किया है। इसमें पश्चिम रुकुम और जाजरकोट को 3-3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। भूकंप का असर भारत में भी देखने को मिला। दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और बिहार की राजधानी पटना में झटके महसूस किए गए। हालांकि भारत में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

**दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में भी असर रहा**

ओबीसी कार्ड पर राहुल ने मोदी को घेरा, बोले-

## जब एक ही जाति तो खुद को ओबीसी बताने की क्या जरूरत



**जगदलपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना की बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीब की एक ही जाति होने के बयान पर उन्हे आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब एक ही जाति गरीब की है तो फिर मोदी को हर जनसभा में अपने को ओबीसी कहने की क्या जरूरत है। श्री गांधी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा में कहा कि..मोदी ने आज कहा कि एक ही जाति गरीब की है, यानी दलित ,पिछड़े आदिवासी नहीं है। क्या आदिवासी संस्कृति, इतिहास नहीं है। दलितों का फिर क्यों अपमान होता है और ओबीसी को क्यों उनका हक नहीं मिलता..। सिर्फ एक ही जाति है तो फिर श्री मोदी को क्यों बार बार हर जनसभा में अपने को ओबीसी कहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मोदी भाजपा और संघ की सोच आदिवासी विरोधी है, और वह आदिवासियों को वनवासी कहकर उनका अपमान करते है।

उन्होंने कहा कि उनकी सोच में आदिवासी मतलब जंगल में जानवरों जैसा रहने वाला वनवासी है। वह आदिवासियों से जानवरों जैसा व्यवहार करना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा के एक नेता द्वारा मध्यप्रदेश में एक आदिवासी पर पेशाब करने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी सोच आदिवासियों के लिए अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि आदिवासी मतलब जिनके पास एक दिन जल,जंगल और जमीन थी और उसके मालिक थे। भाजपा की सोच इसके विपरीत है,अगर वह सत्ता में लौटी तो आदिवासी अपने मूल हक से वंचित हो जाएंगे। श्री गांधी ने ट्राइबल बिल,पेसा कानून,जमीन अधिग्रहण कानून जैसे आदिवसियों के हित में कांग्रेस सरकारों द्वारा लिए गए अहम निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने प्रावधान किया कि आदिवासी इलाकों में बगैर ग्रामसभा की सहमति के जमीने नही ली जा सकती। उन्होंने कहा कि यह कानून ही नहीं बनाए बल्कि इसे लागू भी किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मोदी के परम मित्र अडानी की लौह अयस्क की खदान को यहां की कांग्रेस सरकार ने इसलिए रद्द कर दिया क्योंकि आदिवासी इसके विरोध में थे। उसके लिए आदिवासियों की राय की बहुत अहमियत है।

एक कार्यक्रम में बोले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

## विधायिका अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती

- संवैधानिक नैतिकता को ध्यान में रखते हैं न्यायाधीश
- न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर हैं संरचनात्मक बाधाएं
- अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है विधायिका



**न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा। सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है : प्रधान न्यायाधीश**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विधायिका अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है, लेकिन उसे सीधे खारिज नहीं कर सकती है।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है। उन्होंने कहा, 'इसकी एक सीमा है कि अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं कर सकती है। अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है।'

### 72 हजार मुकदमों का समाधान किया

सीजेआई ने कहा, 'विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम फैसले को खारिज करते हैं। विधायिका किसी भी अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है।' उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीश मुकदमों का फैसला करते समय संवैधानिक नैतिकता को ध्यान में रखते हैं, न कि सामाजिक नैतिकता को। इस साल कम से कम 72 हजार मुकदमों का समाधान किया है और अभी डेढ़ महीना बाकी है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर संरचनात्मक बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि यदि समान अवसर उपलब्ध होंगे तो अधिक महिलाएं न्यायपालिका में आएंगी।




## सार समाचार

### 34वीं राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में पंजाब रही विजेता



**छतरपुर, देशबन्धु।** 34 वीं राष्ट्रीय नेट बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 03 नवम्बर को हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीपप्रज्जवल से हुई एवं आज दिनांक 04 नवम्बर को कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष रमाप्रताप सिंह चौहान, व्यवस्थापक विनोद टिकरया, पूर्व अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, समाज सेवी एवं चिकित्सक डॉ. शिवेन्द्र चौरसिया एवं कार्यक्रम प्रभारी लखनलाल चौरसिया, संस्था के प्राचार्य हरनारायण तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिवेन्द्र चौरसिया ने खेलों को स्वास्थ्य एवं जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आषुतोष तिवारी ने कहा कि खेल एक टीम वर्क है खेल में अनुशासन और धैर्य दोनों महत्वपूर्ण है। खेल जगत से भी अपना कैरियर बनाया जा सकता है। 34वीं राष्ट्रीय नेट बॉल प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला अंडर-19 एवं अंडर-17 भोपाल और पंजाब के खिलाडियों के बीच खेला गया। दोनों वर्गो में पंजाब विजेता रहा। उक्त प्रतियोगिता विद्याभारती अखिल भारती शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा सरस्वती उ.मा.विद्यालय सिंचाई कॉलोनी छतरपुर में आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी जयेन्द्र सिंह चौहान द्वारा दी गई।

### महाराजपुर सीट से राजघराने के राजकुंवर दे रहे घर-घर दस्तक

# गढ़ी की तीसरी पीढ़ी के सहारे भाजपा का गढ़ छीनने की कोशिश

✷ संजय सक्सेना



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा सीट जिसे भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है उसे वर्ष 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने छीन लिया था। इस बार भाजपा ने अपने पुराने गढ़ को अलीपुरा गढ़ी की तीसरी पीढ़ी के चश्मोचिराग कामाख्या प्रताप सिंह के सहारे कांग्रेस से छीनने के लिए राजनैतिक गोटियां बिछाई हैं।

महाराजपुर विधानसभा पर वर्तमान में कांग्रेस का कब्जा है। यह भाजपा की पुरानी सीट रही है। पहले रामदयाल अहिरवार यहां से 6 दफा विधायक रहे। इसके बाद भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते अलीपुरा रियासत के राजा मानवेन्द्र सिंह जो क्षेत्र में भंवर राजा के नाम से जाने जाते हैं, वे यहां भाजपा का झंडा बुलंद किए रहे। मगर 2018 के चुनाव में बदली हवा ने महाराजपुर सीट पर मानवेन्द्र सिह कांग्रेस से हार गए, जिससे भाजपा के गढ पर कांग्रेस का कब्जा हो गया था। इस बार अलीपुरा गढ़ी की तीसरी पीढ़ी के युवा कामाख्या प्रताप सिंह के जरिए भाजपा अपने पुराने गढ़ को कांग्रेस से छीनने के प्रयास में है। पूर्व विधायक राजा मानवेन्द्र सिंह ने गढ़ी के राजकुंवर कामाख्या प्रताप सिंह को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाकर विरासत सौंपी है। युवा कामाख्या प्रताप जिला पंचायत सदस्य रहे हैं, युवाओं में उनका खासा असर भी है। उनके पास अपनी सहजता से लोगों को आकर्षित करने की कला भी है। ये सब जानते हैं कि बिजावर और महाराजपुर सीट पर शुरू से ही अलीपुरा रियासत के राजपरिवार का दखल रहा है। अलीपुरा रियासत के गांवों में आज भी राजपरिवार के प्रति पहले जैसा जुड़ाव देखने को मिलता है। यही सब देखते हुए भाजपा के तमाम पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करके गढ़ी के कामाख्या प्रताप सिंह को महाराजपुर सीट से टिकट देकर मैदान में उतारा गया है। उनके जरिए पार्टी अपनी खोई हुई महाराजपुर सीट फतह करना चाहती है।

टिकट मिलते ही कामख्या प्रताप जनसंपर्क में जुट गए थे। उन्हें पिता मानवेन्द्र सिंह के रूप में राजनीति का मंजा हुआ सलाहकार भी मिला है। उनके निर्देशन में कामख्या युवाओं के साथ गांव.-गांव जाकर घरों में दस्तक दे रहे हैं। जहां लोग उन्हें भरपूर दुलार और सम्मान से टीका लगाकर गढ़ी के प्रति अपना जुडाव जता रहे हैं। लोगों की मानें तो मुकाबले में कामख्या प्रताप के सामने कांग्रेस विधायक नीरज दीक्षित को कडी टक्कर का सामना करना पड रहा है। दोनों युवा प्रत्याशियों के बीच मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि अलीपुरा रियासत और गढ़ी के राजा और कुंवर के प्रति प्रजा का समर्पण करिश्माई भी हो सकता है। बहरहाल इस सीट पर प्रचार के अंमिम चरण में रोचक चुनावी घमासान देखने को मिलेगा।

#### अंचल में आज भी कायम है गढ़ी का दबदबा

महाराजपुर सीट के अंतर्गत अलीपुरा रियासत के दर्जनों गांवों में अलीपुरा गढ़ी का दबदबा आज भी कायम है। इतिहास गवाह है कि शुरू से ही गढ़ी वाले राजा ही इस अंचल की तस्वीर गढ़ते रहे हैं। पहले रियासत के राजा के रूप में और फिर विधायक बनकर। गढ़ी के प्रति इसे प्रजा का समर्पण ही कहा जाएगा की गढ़ी से जिसने भी चुनाव में किस्मत आजमाई, प्रजा ने उसे हाथों हाथ लिया और सर.आंखों पर बैठाकर सत्ता सिंहासन तक पहुंचा दिया। पहले अलीपुरा रियासत के महाराजा यादवेन्द्र सिंह तत्कालीन बिजावर सीट से दो बार कांग्रेस के विधायक चुनकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहे। उनके बाद राजा मानवेन्द्र सिंह ने अपने पिता का उत्तराधिकारी बनकर उनकी विरासत को शिद्धत से संभाला। वे कांग्रेस के टिकट पर 1993, 1998 में कांग्रेस से विधायक बने और दिग्गी राजा के मंत्रीमंडल में मंत्री पद से नवाजे गए। 2008 के चुनाव में कांग्रेस से बगावत करके निर्दलीय चुनाव लडे और राजा की प्रजा ने उन्हें तीसरी बार विधायक बना दिया। चौथी बार 2013 में वे भाजपा में शामिल हुए और फिर विधायक चुने गए। लगातार जीत का कीर्तिमान बना रहे मानवेन्द्र सिंह को 2018 के चुनाव में कांग्रेस के नीरज दीक्षित ने हराकर उनकी विजय यात्रा पर विराम लगा दिया। उम्रदराज पूर्व विधायक मानवेन्द्र सिंह ने अब गढ़ी की विरासत संभालने के लिए राजकुंवर कामाख्या प्रताप सिंह को आगे किया है। जिन्हें लोग गढ़ी की तीसरी पीढ़ी के सदस्य के रूप में वही सम्मान दे रहे हैं जो कभी कामाख्या के बब्बा पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह और पिता मानवेन्द्र सिंह को देते आए हैं।

## जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में 84 उम्मीदवारों के बीच टक्कर

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले की सभी छः विधानसभा में अब 84 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनके बीच कहीं सीधी, कहीं त्रिकोणीय तो कहीं चतुष्कोणीय मुकाबला हो रहा है।

विधानसभा क्षेत्र महाराजपुर में 13 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है। इनमें कांग्रेस से पूर्व विधायक नीरज दीक्षित, भाजपा से कामाख्या प्रताप सिंह, समाजवादी पार्टी से कांग्रेस के बागी अजय दौलत तिवारी, बसपा से इंजी महेश चन्द्र कुशवाहा, आम आदमी पार्टी से इंजी केआर पटेल, आजाद समाज पार्टी से कांशीराम परसराम पाल, जन अधिकार पार्टी से गिरजा प्रसाद कुशवाहा, निर्दलीय राकेश प्रजापति, सचिन चौरसिया, पुष्पेन्द्र अग्रवाल, पुरूषोत्तम नायक पुजारी, रामपाल अहिरवार और निर्दलीय नृपत कुशवाह किस्मत आजमा रहे हैं।

विधानसभा क्षेत्र चंदला में 09 उम्मीदवारों में लोकजन शक्ति पार्टी से लखनलाल अनुरागी, कांग्रेस से हरप्रसाद अनुरागी, सपा से पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार, बसपा से डीडी अहिरवार, राष्ट्रवादी भारत पार्टी से राजा भईया प्रजापति, जन अधिकार पार्टी से योगेश प्रजापति, भाजपा से दिलीप अहिरवार, निर्दलीय रामदीन अहिरवार और प्रेमचन्द्र वर्मा के बीच टक्कर हो रही है।

विधानसभा क्षेत्र राजनगर में 19 उम्मीदवारों में भाजपा से अरविन्द पटैरिया, कांग्रेस से विधायक रहे विक्रम सिंह, सपा से बृजगोपाल पटेल, बसपा से भाजपा के बागी डा घासीराम पटेल, निर्दलीय पूनम अहिरवार, मालवा कांग्रेस से मु इमरान, निर्दलीय दशरथ कुशवाहा, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी से राजकुमार चौरसिया, निर्दलीय बीरेन्द्र पटेल, आम आदमी पार्टी से राजू पाल, निर्दलीय नीरज भैया, जन अधिकार पार्टी से हरिमोहन अहिरवार, निर्दलीय भूरा पटेल, निर्दलीय उमाकांत नामदेव, निर्दलीय विपिन शर्मा, निर्दलीय विपिन, जनता दल ; यूनाईटेड रामकुंवर रैकवार, निर्दलीय अजय सिंह यादव और निर्दलीय प्रमोद कुमार किस्मत आजमा रहे हैं।

इसी तरह विधानसभा क्षेत्र छतरपुर में 14 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है। इनमें भाजपा से ललिता यादव, बसपा से डीलमणि सिंह उर्फ बब्बू राजा बुंदेला, कांग्रेस से आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया, जन अधिकार पार्टी से प्रेमचन्द्र अहिरवार, सपा से बेनीप्रसाद चंसौरिया, आम आदमी पार्टी से भागीरथ पटेल, आजाद समाज पार्टी ;कांशीराम, सपाक्स पार्टी से एड राजा प्रजापति, निर्दलीय ललता यादव, दीपक अहिरवार, नवाब खान, रामचरण अहिरवार, हरिशचन्द्र राज, मनोज कुमार अग्रवाल और निर्दलीय जवाहर लाल द्विवेदी मुकाबले को रोचक बना रहे हैं।

विधानसभा क्षेत्र बिजावर में 14 उम्मीदवारों में भाजपा से राजेश शुक्ला, कांग्रेस से चरण सिंह यादव, समाजवादी आम जनता दल से रिषिराज यादव, बसपा से महेन्द्र कुमार गुप्ता, निर्दलीय रामदेवी अहिरवार, निर्दलीय जगदीश प्रसाद मिश्रा, निर्दलीय चरण सिंह यादव, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से परमलाल पटेल, भारतीय सभ्यता पार्टी से लीलाधर राजपूत, निर्दलीय भागीरथ तिवारी, आम आदमी पार्टी से अमित भटनागर, निर्दलीय जगदीश शिमल कुशवाहा, आजाद समाज पार्टी से कांशीराम और निर्दलीय मु फरीद सौदागर चुनाव लड रहे हैं।

विधानसभा क्षेत्र मलहरा में 15 उम्मीदवारों के बीच कडी टक्कर हो रही है। इनमें भाजपा से प्रद्युम्न सिंह लोधी, कांग्रेस से रामसिया भारती, आम आदमी पार्टी से चन्दा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से देवेन्द्र लोधी, बहुजन समाज पार्टी से लखन रामटोरिया, विंध्य जनता पार्टी से अनुज दिनेश यादव और निर्दलीय प्रत्याशियों में धर्मेन्द्र कुमार साहू, अर्जुन सिंह चंदेल, हरि सिंह गौड़, नारायण अहिरवार, पन्चू अहिरवार, बालकिशन काछी, आशुतोष पाठक और निर्दलीय सरमना कुशवाहा के बीच कडी टक्कर है।

## पूर्व विधायक कप्तान सिंह के सामने सैकड़ो कांग्रेसी सपा में हुए शामिल





**नौगाँव, देशबन्धु।** महराजपुर विधान सभा का चुनाव दिलचस्प होता जा रहा है सपा के चरखारी से पूर्व विधायक रहे कप्तान सिंह राजपूत को यहां का दायित्व सौपा गया है राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा अखलेश यादव की तरफ से कप्तान सिंह महराजपुर भेजे गये राजपूत द्वारा बिधान सभा क्षेत्र में घूमकर पार्टी प्रत्याशी दौलत तिवारी के लिए समर्थन मांगा मतदाताओं की तरफ से सकारात्मक आश्वासन मिल रहा है वही शाम शुक्रवार 8 बजे पार्टी कार्यालय में कप्तान सिंह के द्वारा कार्यकर्ताओ की बैठक लेकर दायित्व सोपते रहे इस मौके पर सेकड़ो की संख्या में काग्रेस के कार्यकर्ताओं ने काग्रेस छोड़ साइकिल की सवारी करने का संकल्प लिया। वही बुन्देलखण्ड के दिग्गज कांग्रेसी नेता सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी निधि चतुर्वेदी ने सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी का साथ देने की ठान ली और शनिवार वह मैदान में उतर गयी हरपालपुर नगर में उन्होंने दौलत तिवारी के साथ जनता से समर्थन की अपील की साइकिल पर सवार हो सभी लोग यह काग्रेस पार्टी को एक बड़े झटके के समान माना जा रहा है उनके आने से सपा प्रत्याशी दौलत तिवारी को मजबूती प्रदान हुई है अब दोनों भाई वहन महराजपुर बिधान सभा मे साथ साथ प्रचार कर अपने लिए बोट मांगेंगे।

**आप जानते है :** बुन्देलखण्ड के दिग्गज नेता सत्यव्रत चतुर्वेदी की पुत्री है निधि चतुर्वेदी श्री चतुर्वेदी मध्य प्रदेश सरकार में विधायक, मंत्री, फिर सांसद, राज्य सभा सासंद रह चुके है लम्बे समय तक उन्होंने जनता और काग्रेस पार्टी की सेवा की है वही बर्तमान में उनकी बेटी ने काग्रेस पार्टी के लिए जबरदस्त प्लानिग के साथ कर्नाटक बिधान सभा मे चुनावी प्रचार कर पार्टी को जीत दिलाई थी और सरकार बनवायी इसके अलावा राहुल गांधी की पद यात्रा में उन्होंने जबरदस्त साथ दिया था लम्बी पद यात्रा राहुल गांधी के साथ कि थी यह करने के बाद भी उन्हें महराजपुर बिधान सभा से टिकिट नही दिया गया इसमें में भी राजनीति हुई जिसमें बिरोधियो के अलावा पारिवारिक बिरोध भी हुआ होगा इन्ही सब से आहत होकर आज शनिवार को निधि चतुर्वेदी ने सपा का दामन थाम पार्टी प्रत्याशी दौलत तिवारी को जिताने निकल पड़ी जिन्हें जनता का अभूतपूर्व समर्थन दे रही है।

### भाजपा और कांग्रेस जनता को करती है गुमराह : चंसौरिया

**छतरपुर, देशबन्धु।** समाजवादी पार्टी के छतरपुर विधानसभा प्रत्याशी बेनीप्रसाद चंसौरिया लगातार सक्रियता से जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी और उनके पुत्र तथा पुत्रवधु भी अपने पिता के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। बीते रोज बेनीप्रसाद चंसौरिया ने शहर की रामगली बजरिया, मुख्य बाजार और डाकखाना क्षेत्र में जनसंपर्क कर जनता से वोट मांगे तो वहीं उनके पुत्र अंबुल चंसौरिया ने ग्रामीण अंचलों का दौरा किया। इसके अलावा श्री चंसौरिया की पुत्रपधु आकांक्षा चंसौरिया ने शहर के कछियाना मोहल्ला और शंकरगढ़ पुरवा में डोर-टू-डोर जनंसपर्क किया। जनता से संवाद करते हुए बेनी प्रसाद चंसौरिया ने कहा कि अगर आप गहराई से देखोगे तो कांग्रेस और बीजेपी में कोई फर्क नहीं है, उनके सिद्धांतों में कोई फर्क नहीं। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा महंगाई पर लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है। भाजपा के तानाशाही निर्णयों व नीतियों की वजह से देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी है।

## भ्रष्टाचार को न कहें की शपथ के साथ जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन




**छतरपुर, देशबन्धु।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड में 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत भ्रष्टाचार से जुड़े विषयों पर सेमिनार, डिबेट एवं शहर में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भ्रष्टाचार से जुड़े विषयों की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया तो वहीं साईकल रैली के माध्यम से भी शहर में भ्रष्टाचार एवं उससे बचाव का संदेश देने का प्रयास किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडीजे राजेश देवलिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत कुशवाहा जिला विधिक सेवा अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पोस्टरों एवं नाटिका के माध्यम से ऑफिसों में फैले भ्रष्टाचार, बाजार में खरीदारी के दौरान बेईमानी साइबर क्राइम, ऑनलाइन शॉपिंग, ओटीपी से धोखाधड़ी, नौकरी लगवाने एवं रेलवे रिज़र्वेशन के समय धोखाधड़ी से जुड़े मुद्दे आदि को प्रदर्शित किया गया।

जिला न्यायाधीश राजेश देवलिया ने कहा कि किसी भी कार्य के लिए अगर कोई बिना रशीद के पैसे मांगे तो उसे न दें और न मानने पर उसकी संबंधित अधिकारियों को जानकारी अवश्य दें। उन्होंने कहा कि केवल रुपयों का लेनदेन ही भ्रष्टाचार नही है अगर आपका कार्य अनावश्यक रूप से रोका जाना भी इसी श्रेणी में आता है। विधिक सहायक अधिकारी हेमंत कुशवाहा ने भ्रष्टाचार को हमेशा न कहे की विचारधारा को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भले ही भ्रष्टाचार को खत्म करना हमारे हाथ में न हो परंतु हम उसे कम अवश्य कर सकते है।

विद्यालय प्राचार्य सीके शर्मा ने कहा कि केवल शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे समस्त प्रकार के अनैतिक कार्यो से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत मे अतिथियों को विद्यालय द्वारा ज्ञान का प्रतीक पुस्तकें एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## थाने के सामने युवक की गोली मारकर हत्या



**छतरपुर, देशबन्धु।** ईशानगर थाने के सामने किराना दुकानदार को गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बगल में ही सिलाई की दुकान किए एक युवक ने उसे गोली मार दी। गोली लगने के बाद युवक भागता हुआ थाने के अंदर पहुंचकर गिर गया।जानकारी के अनुसार ईशानगर थाना के सामने किराना की दुकान संचालित करने वाले मोहित रैकवार पिता देशराज रैकवार 24 वर्ष निवासी पठादा रोड को उसकी दुकान के बगल में ही सिलाई की दुकान संचालित करने वाले आरोपी मुकेश पाल निवासी लिधौरा जिला टीकमगढ़ ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद मोहित भागता हुआ थाने पहुंचकर गिर गया जहां पुलिसकर्मियों की मदद से उसे ईशानगर अस्पताल लाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण परिजन उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले आए जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी मुकेश पाल पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि गोली मोहित के सीने के आर-पार हो गई थी जिससे रक्त का बहाव अधिक हो गया था जिस कारण मोहित की जान चली गई। पीड़ित के पिता देशराज रैकवार ने बताया कि वर्तमान में उसके बेटे मोहित का आरोपी मुकेश से कोई विवाद नहीं था। लगभग डेढ़ माह पहले जरूर दोनों में शराबखोरी को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद पुलिस दोनों को पकड़कर थाना ले गई थी। हत्या के बाद मौके से आरोपी फरार हो गया है।

### खर्च का लेखा-जोखा निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाने के निर्देश

## प्रेक्षक ने ली अभ्यर्थियों की बैठक



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** विधानसभा चंदला के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कृष्णेन्दु साधु खान आईएएस (2010) एवं प्रेक्षक साजू ए फांसिस आईआरएएस द्वारा विधानसभा चंदला से चुनाव लड़ रहे समस्त अभ्यर्थियों की निर्वाचन कार्यालय लवकुशनगर में मीटिंग ली गई। अधिकारों द्वारा जानकारी देते हुए निर्देश दिए गए कि बिना किसी ग्लोबल के मतदान करवा वह लेखा रजिस्टर तैयार करें खर्च आदि लिमिट निर्धारित की गई है उससे अधिक खर्च न करें यदि लिमिट से अधिक खर्च पाया जाता है तो उनके खिलाफ आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी।

समस्त प्रत्याशियों को दिनांक 6, 10 एवं 14 को अपने खर्च का लेखा-जोखा निर्वाचन कार्यालय में जमा करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को एसएसटी एवं वीएसटी टीमों को निर्देश देते हुए कहा कि बॉर्डर पर 50 हजार से अधिक की नगदी निकासी नहीं होगी। सीमा से गुजरने वाली प्रत्येक गाड़ी की चेकिंग की जाए बिना चेक किए हुए किसी भी गाड़ी को पास न किया जाए। पेड न्यूज एवं सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाए। सारे खर्चों को रजिस्टर में अंकित करें एवं समस्त प्रकार के ट्रांजैक्शन चेक के माध्यम से किया जाएं या फिर ऑनलाइन करें। किसी भी कीमत पर कैश पेमेंट नहीं किया जाए। पूरे खर्च में मात्र एक बार ही 10 हजार रूपए नगद खर्च कर सकते हैं। समस्त प्रकार के खर्चों को प्रतिदिन अपनी डायरी में अंकित करें जो भी सामग्री प्रिंट कराई जाए उसमें प्रेषक का नाम एवं प्रिंटिंग प्रेस का नाम एवं कॉपी की संख्या आवश्यक रूप से अंकित करें।

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम देवेंद्र चौधरी द्वारा बताया गया कि विधानसभा चंदला हेतु 10 पिंक बूथ 11 आदर्श बूथ एवं एक दिव्यांग बूथ बनाया गया है। 93 मिक्स बूथ भी बनाए गए हैं जिसमें दो महिलाओं सहित दो पुरुष अधिकारी रहेंगे। 77 क्रिटिकल बूथ बनाए गए, प्रेक्षक द्वारा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवकुश नगर में मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण भी किया गया।

मीटिंग एवं निरीक्षण के दौरान लवकुशनगर एसडीएम राकेश शुक्ला सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, दिलीप जडिया, आकाश नीरज, एसडीओपी नवीन दुबे, जनपद सीईओ डॉ हरीश केसरवानी, पंचायत इंस्पेक्टर मयंक सैनी, सहायक व्यय प्रेक्षक अखिलेश मिश्रा, दिलीप गुप्ता, कैलाश चंद्र गुप्ता, पुष्पेंद्र अनुरागी, लक्ष्मी अहिरवार, अनुपम चौरसिया, अमित पटेल, कमलेश पटेल एवं योगेंद्र विश्वकर्मा, उमेश सिंह परिहार ,बृजलाल पाटकर उपस्थित रहे।

## एनसीईआरटी ने संपूर्ण देश में शैक्षणिक गुणवत्ता पररखने आयोजित किया सर्वे




*छतरपुर, देशबन्धु। एनसीईआरटी द्वारा प्रदत्त गाइडलाइन के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा प्रदेश में एनसीईआरटी द्वारा चयनित स्कूलों में स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे का आयोजन किया गया।*

*छतरपुर जिले में कक्षा तीसरी, छठवीं एवं नवमी के 13887 बच्चों ने इस सर्वे में भाग लिया। डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी.आर. के नेतृत्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छतरपुर तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में जिले में सर्वे का आयोजन किया गया। सर्वे में जिले के शासकीय, आशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाएं, केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।*

*सर्वे के नोडल अधिकारी डीईओ एम के कौटार्य ने बताया कि सर्वे बहुउद्देशीय होने से शिक्षकों को पहले से ही इसकी तैयारी करने के निर्देश दे दिए गए थे। जिले में 497 फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति की गई थी। फील्ड इन्वेस्टिगेटर, ब्लॉक लेवल कोऑर्डिनेटर एवं शाला प्रभारियों को डाइट में प्रशिक्षित किया गया था। एनसीईआरटी की गाइड लाइन के अनुसार 3 नवंबर को चयनित शालाओं में बच्चों को भाषा एवं गणित के विषयों की हिंदी, अंग्रेजी माध्यम से स्टेट अचीवमेंट सर्वे ओएमआर शीट के माध्यम से किया गया। सर्वे के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को मॉनिटरिंग एवं डाइट नौगांव को इंप्लीमेंटेशन का दायित्व सोपा गया था जिसे जिला शिक्षा केंद्र के सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।*

*सर्वे के सफल आयोजन में डाइट प्राचार्य पी एल अहिरवार, सहायक संचालक आर पी प्रजापति, एडीपीसी आर एस भदौरिया, डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता एन डी पाठक, आर के वर्मा, आर के अहिरवार एवं एपीसी एकेडमिक नीरज खरे का योगदान रहा ।*

### जिले में सर्वे के लिए चयनित शाला एवं विद्यार्थियों की संख्या

कक्षा 3- कुल स्कूल-154 कुल छात्र-4215
कक्षा 6- कुल स्कूल-158 कुल छात्र-4378
कक्षा 9- कुल स्कूल- 186 कुल छात्र-5294

### शोधछात्र रामखगेश पटेल ने वाणिज्य विभाग का बढ़ाया मान

#### आईसीएसएसआर द्वारा आयोजित कैपेसिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम में की सहभागिता

*छतरपुर, देशबन्धु। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर के वाणिज्य विभाग में पी-एच.डी. कर रहे शोध छात्र रामखगेश पटेल ने प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज में आईसीएसएसआर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेकर अपने साथ साथ वाणिज्य विभाग और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।*

*रामखगेश पटेल ने आईसीएसएसआर द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय कैपेसिटी डेवलपमेंट कार्यशाला में शामिल होकर व्यावसायिक नैतिकता की क्रियाविधि का प्रशिक्षण प्राप्त करके अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर सभी की सराहना प्राप्त की। इस कार्यशाला में देशभर से 30 प्रतिभागी चुने जाना थे, जिसमें शोधार्थी रामखगेश पटेल भी मप्र से चुने गए प्रतिभागी थे।*

*वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ.ओपी अरजरिया ने बताया कि रामखगेश पटेल (नेट-उत्तीर्ण) का इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्रियेटिव रिसर्च थॉट्स (आईजेसीआरटी) में "भारत सरकार के बजटीय व्ययो में वृद्धि के कारणों का वैगनर के राजकीय व्यय वृद्धि सिद्धांत से तुलनात्मक अध्यन" पर शोध पत्र प्रकाशित हुआ है ।*

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–256 । सागर, रविवार, 5 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

चुनावी सभाओं में बोले अमित शाह

## कमलनाथ सरकार आई तो योजनाएं बंद कर देगी

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यदि कमलनाथ सरकार आई तो समस्त योजनाएं बदं कर देगी। वह आज प्रदेश के दौरे पर थे, उन्होंने यहां ग्वालियर संभाग क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी विधानसभा की करैरा और पिछोर विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं को सम्बोधित किया। सभा को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने की सम्बोधित किया।



केन्द्रीय मंत्री कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक दिखे, उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आई तो लाड़ली बहना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं बंद हो जाएंगी। भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार मध्यप्रदेश को बीमारू से बेमिसाल राज्य जिसने बनाया, उस डबल इंजन सरकार को चालू रखने के लिए वोट देना है, क्योंकि भाजपा ने सबके कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को शासन मिलता है तो वो अपना घर भरने का काम करती है, भाजपा विकास करती है।


इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने श्री कमलनाथ से सवाल किया कि जब वे 2002 में प्रदेश छोड़ कर गए थे तो यहां का बजट कितना था और अब कितना है। उन्होंने राज्य सरकार के विकास कार्यों की गिनती भी कराई।

उन्होंने कहा कि दलितों और आदिवासियों के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने लगातार बजट बढ़वाया। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने उनके पिछले कार्यकाल में उन्होंने कमीशनखोरी, स्थानंतरण और भ्रष्टाचार जैसे उद्योग राज्य में स्थापित कराए। शिवराज सिंह चौहान सरकार की 51 से ज्यादा गरीब कल्याण योजनाएं बंद कर दीं। उन्होंने आरोप लगाते हुए स कि कमलनाथ आ गए तो लाड़ली बहना योजना भी बंद होगी और किसानों को मिलने वाली 12 हजार रुपए की राशि भी बंद हो जाएगी। उन्हेंाने भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और दंगाईयों को समर्थन करने का आरोप भी लगाए।

श्री शाह ने आरोप कि कांग्रेस विकास विरोधी है और तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करती आ रही है। किसानों के संबंध में उन्होंने किसानों के संबंध में कहा कि आज प्रदेश मं भाजपा की सरकार में 93 लाख किसानों को 12 हजार रुपए मिल रहे हैं। वहीं 63 लाख लोगों को नल जल योजना का लाभ मिला। इसी प्रकार 3 करोड़ 70 लाख लोगों को 5 लाख का इलाज कराने की सुविधा मिली। 82 लाख महिलाएं उज्जवला योजना से लाभांवित हुईं।

## गठबंधन को लेकर खड़गे ने खत्म की नीतीश की नाराजगी!

- खड़गे ने नीतीश से की बात, गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता जताई
- चुनाव बाद गठबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी कांग्रेस पार्टी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इंडिया गठबंधन को लेकर नीतीश कुमार के नाराजगी वाले बयान के बाद कांग्रेस फिर से सक्रिय हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हालात को संभालने के लिए नीतीश से बात की और गठबंधन को लेकर पूरी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही भरोसा दिया कि पांच राज्यों के चुनाव के बाद कांग्रेस सहयोगियों से बात कर गठबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी। सूत्रों का कहना है कि खड़गे ने फोन पर नीतीश कुमार से बात कर उनकी नाराजगी खत्म करने की कोशिश की और गठबंधन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की।

इंडिया गठबंधन बनने से पहले नीतीश कुमार ने ही पूरे देश में ममता बनर्जी से लेकर शरद पवार, स्टालिन, अरविंद केजरीवाल,अखिलेश यादव सहित तमाम क्षेत्रीय दलों के क्षत्रपों को साधने की पहल की थी। लेकिन हाल के दिनों में गठबंधन आगे बढ़ाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। इंडिया गठबंधन के सहयोगी नेताओं के बीच आपसी विचार-विमर्श का सिलसिला भी ठप पड़ा हुआ है। जिसके चलते नीतीश कुमार नाराज बताए जा रहे हैं और शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 'भाजपा हटाओ,देश बचाओ' रैली में कांग्रेस को कोसकर उन्होंने इसका इजहार भी कर दिया। उनका कहना था कि सभी विपक्षी नेता कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन में आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को गठबंधन की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहाकि कांग्रेस पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में व्यस्त है और इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए कोई चर्चा नहीं की जा रही है। वहीं विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ सीटों का तालमेल भी नहीं किया।जिसके चलते सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा के साथ ही कांग्रेस पर भी हमला कर रहे हैं। ऐसी में इंडिया गठबंधन को लेकर भ्रामक स्थिति पैदा हो गई है। हालांकि खड़गे ने नीतीश कुमार को आश्वासन दिया है कि चुनाव बाद सहयोगियों के साथ मिल बैठकर आम राय से गठबंधन को मजबूत करने के लिए काम किया जाएगा।

## कांग्रेस सरकारों के खिलाफ मोदी कर रहे साजिश : सिंघवी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पार्टी की सरकारें बहुत लोकप्रिय है और इससे घबरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दोनों राज्यों की सरकारों पर निशाना साधते हुए उनके मुख्यमंत्रियों की छवि खराब करने की साजिश शुरु कर दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब भी कोई चुनाव सामने होता है तो श्री मोदी भाजपा के लिए ईडी या आईटी विभाग को अपना मुख्य हथियार बनाना शुरु कर देते हैं।

## भदोही के पूर्व विधायक मिश्रा को 15 साल की सजा

**भदोही, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के पूर्व विधायक विजय मिश्रा को एक सिंगर के साथ कई बार दुष्कर्म के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट ने 15 साल की सजा सुनाई है। न्यायमूर्ति सुबोध सिंह की कोर्ट ने दोषी विजय मिश्रा पर 1,10,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। विजय मिश्रा, भदोही की ज्ञानपुर सीट से सपा के टिकट पर तीन बार और निषाद पार्टी के टिकट पर एक बार विधायक रह चुका है।

## दिल्ली पुलिस ने गोगी गैंग के शार्पशूटर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गोगी गिरोह के एक शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है, जो राष्ट्रीय राजधानी में जबरन वसूली और गोलीबारी के मामलों में वांछित था। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान दिल्ली के सलाहपुर माजरा डबास निवासी अमित उर्फ मिट्ठू (27) के रूप में हुई। अधिकारी ने कहा कि वह पहले भी शहर भर में दर्ज संवेदनशील मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के रोहिणी स्थित लाडपुर गांव में रहने वाले एक शिकायतकर्ता ने 24 अक्टूबर को रिपोर्ट दी कि 23 अक्टूबर को कुछ बदमाशों ने उनके घर के मेन गेट पर फायरिंग की थी।


मध्य प्रदेश में 70 के फेर से बदलती रही है सरकार

## प्रदेश की 230 सीटों पर 2533 प्रत्याशी आजमा रहे अपना भाग्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में नामांकन वापसी के बाद मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो गई है। इस बार प्रदेश की 230 सीटों पर करीब 2533 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। 30 अक्टूबर तक 4359 नामांकन पर्चे दाखिल किए गए थे। यानी 58 प्रतिशत नामांकन आखिरी पड़ाव तक रहेंगे।

बीते बीस सालों के नामांकन के आंकड़े बहुत कुछ कहते हैं। ट्रेंड देखें तो पता चलता है कि जब भी 30 प्रतिशत से कम नामांकन वापस लिए गए तब सत्ताधारी दल को नुकसान पहुंचा है। बीस साल पहले 2003 में हुए चुनाव से पहले प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। 2003 में 3057 नामांकन पर्चे भरे गए थे। नाम वापसी की तारीख के बाद 2171 उम्मीदवार मैदान में थे। यानी करीब 29 प्रतिशत नामांकन पर्चे वापस लिए गए। इसे यूं भी कह सकते हैं कि 71 प्रतिशत उम्मीदवार मतदान में डटे रहे। जब परिणाम आए तो कांग्रेस की सरकार बदल गई और भाजपा सत्ता में आ गई। बात करें 2008 के चुनावों की तो इस चुनाव में 4576 नामांकन भरे गए। नाम वापसी और संवीक्षा के बाद 3179 प्रत्याशी बचे थे। मतलब करीब 69 प्रतिशत प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। यानी 30 प्रतिशत से ज्यादा नामांकन वापस ले लिए गए। नतीजे में भाजपा की सत्ता कायम रही। वहीं 2013 में भी लगभग ऐसी ही स्थिति रही। 2013 में 3741 नामांकन दाखिल किए गए थे. इसमें से 2483 उम्मीदवार आखिरी वक्त तक मैदान में थे। यहां भी करीब 69 प्रतिशत उम्मीदवार डटे रहे। 30 फीसदी से अधिक नामांकन वापस खींच लिए गए। इस बार भी भाजपा ही सत्ता पर काबिज रही थी। 2018 के चुनाव में फिर नामांकन के आंकड़े भी 2003 जैसे दिखे। इस इलेक्शन में 3948 नामांकन भरे गए थे, निर्धारित समय के बाद 2899 उम्मीदवार किला लड़ाने के लिए मैदान में थे। यानी 73 प्रतिशत उम्मीदवार मतदान तक पहुंचे। इस बार भी सिर्फ 27 प्रतिशत नामांकन वापस लिए गए। यानी सत्ता को नुकसान पहुंचाने वाले आंकड़े। परिणाम जब आए तो सरकार बदल गई। उठापटक के बाद ही सही कांग्रेस ने सरकार बना ली। हालांकि ये सरकार 15 महीने ही चल सकी। इस बार के चुनाव में 30 अक्टूबर तक 4359 नामांकन भरे गए। ये बीते 20 सालों में सबसे ज्यादा रहे। नाम वापसी के बाद 2533 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। यानी 42 प्रतिशन नामांकन पर्चे वापस ले लिए गए। अब 17 नवम्बर को मतदान होना हैं। 3 दिसंबर को परिणाम आएंगे। तब पता चलेगा कि इस बार ये ट्रेंड कितना सही साबित होता है। बीते 20 सालों में चार चुनाव हुए, इसमें गौर करें तो पता चलता है कि कांग्रेस ने कभी पूरी 230 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। 2003 में 229 सीटें, 2208 में 228, 2008 में 229 तो 2013 के चुनाव में 229 सीटों पर कांग्रेस मैदान में थी। एक-दो सीटों पर कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ी थी। पर इस बार सभी 230 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में हैं।





# पृथ्वीराज कपूर

## जिनकी इंसानियत और दरियादिली के कई क़िस्से हैं मक़बूल

पृथ्वीराज कपूर 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं।साल 1943 में जब मुंबई में इप्टा की दागबेल डली, तो वो उससे जुड़ गये। पृथ्वीराज कपूर मुंबई इप्टा के ऑनरेरी प्रेसीडेंट भी रहे। बंगाल में जब भयानक अकाल पड़ा, तो इप्टा ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिए, देश भर में नाटकों के कई शो किये। ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। रेबा रॉय चौधरी जो इप्टा की एक अहम साथी थीं, उन्होंने अपनी आत्मकथा में मुंबई के उस वाक़िआत का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है, जिसमें पृथ्वीराज कपूर अकाल पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये थे।

■ ज़ाहिद ख़ान

भारतीय सिनेमा में पृथ्वीराज उस बेमिसाल शख़्सियत का नाम है, जिनकी शानदार अदाकारी के साथ—साथ उनकी बेजोड़ इंसानियत और बेपनाह दरियादिली के भी कई क़िस्से मक़बूल हैं। पृथ्वीराज कपूर जब कामयाबी के उरूज पर थे, तब उन्होंने बॉम्बे में एक ट्रैवलिंग थियेटर कंपनी के तौर पर 'पृथ्वी थियेटर' की क़ायमगी की। इस ग्रुप का मोटो था 'कला देश के लिए'। 'पृथ्वी थियेटर' के मार्फ़त देश के छोटे-बड़े शहरों में उन्होंने ढाई हज़ार से ज़्यादा नाटकों का मंचन किया। पृथ्वी थियेटर में तक़रीबन डेढ़ सौ लोग शामिल थे। तीन घंटे का शो खत्म होने के बाद, पृथ्वीराज कपूर गेट पर झोला लेकर खड़े हो जाते थे, ताकि शो देखकर आ रहे दर्शक उसमें अपने दिल से कुछ मदद करें। शो के ज़रिए जो पैसा इकट्ठा होता, उससे उन्होंने एक 'वर्कर फंड' बनाया था। जो 'पृथ्वी थिएटर' में काम करने वाले कलाकारों, टैक्नीशियनों और कर्मचारियों की मदद के काम आता था। बीसवीं सदी का चौथा दशक मुल्क की सियासत में बड़ा उथल—पुथल भरा और निर्णायक दौर था। अंग्रेज़ हुकूमत ने जब भारत पर अपनी गिरफ़्त कमजोर होती देखी, तो उसने देश के दो बड़े समुदायों हिंदू और मुस्लिम की एकता को तोड़ने के लिए उनके बीच मतभेद बढ़ाना शुरू कर दिए। ताकि ये दोनों क़ौमें आपस में भिड़ी रहें और वे आराम से उन पर हुकूमत करते रहें। पृथ्वीराज कपूर ने 'पृथ्वी थियेटर' के ज़रिए उस वक़्त जो ड्रामे 'दीवार', 'पठान', 'गद्दार' और 'आहुति' का मंचन किया, वे राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने वाले थे। उन्होंने अपने इन नाटकों के माध्यम से देशवासियों में जहां एकता का पाठ पढ़ाया, वहीं अंग्रेज़ हुकूमत की चालबाजियों की तरफ़ भी इशारा किया। देश की आज़ादी के लिए उन्हें बेदार किया।



पृथ्वीराज कपूर 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। साल 1943 में जब मुंबई में इप्टा की दागबेल डली, तो वो उससे जुड़ गये। पृथ्वीराज कपूर मुंबई इप्टा के ऑनरेरी प्रेसीडेंट भी रहे। बंगाल में जब भयानक अकाल पड़ा, तो इप्टा ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिए, देश भर में नाटकों के कई शो किये। ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। रेबा रॉय चौधरी जो इप्टा की एक अहम साथी थीं, उन्होंने अपनी आत्मकथा में मुंबई के उस वाक़िआत का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है, जिसमें पृथ्वीराज कपूर अकाल पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये थे। '1944 में चर्चगेट रेलवे स्टेशन के पास मराठी सेंटेनरी के अहाते के विशाल आंगन में मंच बनाकर हमने 'वॉयस ऑफ़ बंगाल' का प्रदर्शन किया। पहले 'है..है..जापान' गीत के साथ डांस, फिर हारीन चट्टोपाध्याय का डांस 'दही बेचने वाला...' उसके बाद हमने उनका गीत गाया 'सूर्य अस्त हो गया गगन मस्त हो गया।' एक के बाद एक गीत और नृत्य चल रहे हैं। दर्शक दीर्घा में फ़िल्मी दुनिया की बड़ी-बड़ी हस्तियां बैठी हैं- पृथ्वीराज कपूर अपनी बीवी के साथ। जयराज, बनमाला, वी शांताराम और शोभना समर्थ वगैरह। मंच पर गीत चल रहा है 'सुनो हिन्द के रहने वाले..' अचानक पृथ्वीराज कपूर मंच पर आकर माइक पर ऐलान करते हैं कि, 'हमें बंगाल के अकाल पीड़ितों की मदद के लिए कुछ करना चाहिए।' फिर वे अपने सर की टोपी हाथ में लेकर, दर्शकों के बीच पहुंच गए और अपने बॉलीवुड के सभी साथियों के साथ बीस हज़ार रुपए बतौर चंदा इकट्ठा करके हमे दे गए।'



पृथ्वीराज कपूर के बारे में ऐसे कई क़िस्से मशहूर हैं, जब उन्होंने अपने साथी कलाकारों या जूनियर कलाकारों की आगे बढ़कर मदद की। अदाकारा दुर्गा खोटे ने अपनी आत्मकथा में इस बात का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है कि किस तरह से उन्होंने अपने मामूली कर्मचारी को प्लेग की अफ़वाहों के बीच, कंधे पर रखकर उसे अस्पताल पहुंचाया। यहीं नहीं वे उस वक़्त तक अस्पताल में रहे, जब तक कि वह कर्मचारी सेहतमंद नहीं हो गया। लेखक, गीतकार विश्वामित्र आदिल को अस्थमा की बीमारी थी, सड़क पर उड़ने वाली धूल उन्हें परेशान कर डालती थी। पृथ्वीराज कपूर को जब यह बात मालूम चली, तो उन्होंने यह रोज़ाना का मामूल बना लिया कि सुबह-सुबह सड़क पर पानी का छिड़काव करवाते। ताकि धूल न उड़े। पृथ्वीराज कपूर की दरियादिली और इंसानियत के कई क़िस्सों का ज़िक्र शौकत आज़मी ने अपनी आत्मकथा 'याद की रहगुज़र' में किया है। शौकत आज़मी जब उनके नाटकों में रिहर्सल के लिए जाती, तो उन्होंने छोटी बच्ची शबाना के लिए बाक़ायदा एक आया का बंदोबस्त किया। ताकि शौकत अपनी रिहर्सल बिना चिंता के कर सकें। पृथ्वीराज कपूर अपनी पूरी टीम के साथ ही खाना खाते और उन्हीं के साथ इकट्ठा रहते। उन्हीं के साथ सोते। अपनी टीम के साथ उनका एक सा बर्ताव होता। अपने साथियों के दुखों और परेशानियों में वे हर दम उनके साथ खड़े रहते।

पृथ्वीराज कपूर का अदब और अदीबों से भी बड़ा लगाव था। ख़ास तौर पर वे जोश मलीहाबादी की शख़्सियत और शायरी के शैदाई थे। अदीब, जर्नलिस्ट हमीद अख़्तर ने अपनी एक किताब 'आशनाईयां क्या—क्या' में जोश मलीहाबादी का एक बहुत अच्छा ख़ाका लिखा है, इस ख़ाके में जोश के बहाने पृथ्वीराज कपूर का किरदार भी क्या ख़ूब सामने आया है। साल 1946 में हिंदी सिनेमा से जुड़े रहे हमीद अख़्तर लिखते हैं कि पृथ्वीराज कपूर नये लोगों को अक्सर ये सीख देते रहते थे कि ''अगर अच्छे अदाकार बनना चाहते हो और मकालमों की अदायगी में कमाल हासिल करने की आरज़ू है, तो जोश को पढ़ो।'' वो ख़ुद भी सैट पर वक़्तन-फ़वक़्तन जोश के अशआर गुनगुनाते रहते थे।' मुंबई में क़याम के दौरान एक वक़्त ऐसा भी आया, जब जोश मलीहाबादी को काफ़ी परेशानी थी। उन पर कुछ क़र्ज़ था, जिसी वजह से वे काफ़ी परेशान थे। हमीद अख़्तर ने पृथ्वीराज कपूर को जोश साहब की हालत-ए-ज़ार से आगह किया।



बहरहाल आगे का क़िस्सा उन्हीं की जुबानी, ख़ैर शायर-ए-इंक़लाब के हालात सुनके पृथ्वीराज ख़ासा रंजीदा हुआ। उस ज़माने में वो ग़ालिबन सबसे ज़्यादा मुआवजा लेने वाला अदाकार था। फ़िल्मों के अलावा 'पृथ्वी थिएटर' से उसे माक़ूल आमदनी होती थी। पृथ्वीराज ने जोश साहब की रूदाद सुनने के बाद उनसे फ़रमाया, आपसे दरख़्वास्त है कि आज से आप अपने आप को 'पृथ्वी थिएटर' से जुड़ा हुआ समझें। आप पर यहां आकर बैठने की कोई पाबंदी नहीं है। न ही लिखने-लिखाने के सिलसिले में हमारी कोई शर्त है। बस, आपका जो जी चाहे और जब चाहे आप पृथ्वी थिएटर के लिए नज़्म या नस्र जो मुनासिब समझें, लिखकर हमें नवाज़ दिया करें।''

इसके बाद उसने एक लिफ़ाफा दोनों हाथों में पकड़कर जोश साहब को पेश करते हुए कहा, ''ये पहले महीने का एडवांस है। हम आपकी बड़ी हैसियत के मुताबिक़ तो अदायगी नहीं कर सकते, ताहम ये हक़ीर मुआवजा आपको हर माह मिलता रहेगा।''

थोड़ी देर वहां बैठने के बाद हम टैक्सी के ज़रिए, वापस रवाना हुए। जोश साहब ने लिफ़ाफ़ा मुझे थमाता हुआ कहा, ''देखो, कितने हैं ?''

मैंने गिना, तो उसमें पन्द्रह सौ रुपए थे। जो उस ज़माने में बड़ी रकम थी। जिस कंपनी में मैं और साहिर मुलाज़िम थे, वहां साहिर को उन दिनों गाने लिखने की तनख़्वाह चार सौ रुपए और मुझे मकालमा-नवेसी की मुआवजा साढ़े तीन सौ रुपए मिलता था।

बहरहाल, कुछ अरसे के बाद जब हमीद अख़्तर, जोश मलीहाबादी से मिले तो उन्होंने उनसे पूछा, 'पृथ्वीराज से बंबई में उनका निभाह कैसा रहा ? पृथ्वीराज के साथ उनका वक़्त कैसा गुज़रा ?, उसने अपना वादा निभाया भी या नहीं? वगैरह-वगैरह।'

'भई क्या ख़ूब आदमी है वो।' जोश बोले, 'हमको दस माह तक बराबर पन्द्रह सौ रुपए हर माह भिजवाता रहा और हमने एक लफ़्ज़ भी उसको लिखकर नहीं दिया।'


पुस्तक समीक्षा

# जगमग भारत के अंधेरों की शिनाख्त

■ कुमार मुकुल

'जगमग अंधेरे में लोकतंत्र' कवि, पत्रकार रोहित कौशिक के आलेखों का संग्रह है। इन आलेखों के संपादित अंश कई अखबारों में प्रकाशित हुए हैं। अखबारों में स्थान सीमित होता है लेकिन पुस्तक में इन आलेखों को पढ़ने पर सम्पूर्ण विश्लेषण हमारे सामने प्रकट हो जाता है। जैसा कि शीर्षक से जाहिर है पुस्तक में वर्तमान समय के अंधेरों की शिनाख्त है। यह पारंपरिक अंधेरा नहीं है बल्कि राजनीति और व्यवस्था द्वारा फैलाए जा रहे प्रचार की चकाचौंध से पैदा दृष्टिहीनता है।

पुस्तक के तीन खंड हैं। पहला खंड गांधी पर केंद्रित आलेखों का है। गांधी एक दौर के प्रतीक हैं। उन्हें व्यक्ति से ज्यादा एक दौर के रूप में देखने पर ही हमें कुछ हासिल हो सकता है। आजादी के आंदोलन का जो दौर रहा है गांधी उसके प्रतीक हैं। इस माने में गांधी, नेहरू, पटेल, सुभाष, अंबेडकर, सरहदी गांधी आदि को मिलाकर ही इस दौर की चर्चा हो सकती है। इन नेताओं के अंतरविरोधों को जानकर सचेत होना सही है पर उन्हें एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करना आजादी के दौर की विरासत को कमजोर करना है। नेहरू, पटेल, अंबेडकर आदि को अलग-अलग दिशाओं में खींचकर हम कुछ प्राप्त नहीं कर सकते। रोहित कौशिक अपने आलेखों में इसी दृष्टि को जाहिर करने की कोशिश करते हैं। कुछ शक्तियों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत गांधी को लेकर अनेक भ्रान्तियां फैलाई गई है। ये आलेख एक तरफ इन भ्रान्तियों को दूर करने का काम करते हैं तो दूसरी तरफ नई पीढ़ी में गांधी को समझने की दृष्टि भी विकसित करते हैं। निश्चित रूप से इस दौर में गांधी की प्रासंगिकता और बढ़ गई है।




पुस्तक : जगमग अंधेरे में लोकतंत्र
लेखक : रोहित कौशिक
प्रकाशक : सहज प्रकाशन, मुजफ्फरनगर
मूल्य : 250 रुपये

पुस्तक के दूसरे भाग में समसामयिक विषयों पर टिप्पणियां हैं। यह पुस्तक का मुख्य खंड है। इसमें धर्म और जाति को लेकर बढ़ती कूपमंडूकता से आरंभ कर तमाम तात्कालिक मुद्दों पर प्रकाश डालने की कोशिश की गई है। इस खंड में लेखक ने आज के समय में एक लोकतांत्रिक देश के रूप में भारतीय समाज की कुछ मूलभूत समस्याओं की ओर हमारा ध्यान दिलाया है। इन समस्याओं के रहते किसी भी शासन व्यवस्था को जनहितकारी व्यवस्था नहीं माना जा सकता। जैसे अभिव्यक्ति पर अंकुश का सवाल है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसका आदर्श होता है, जिसकी ओर उसे लगातार चलते रहना होता है। इस स्वतंत्रता के बिना लोकतांत्रिक देश होने का दावा बस दिखावा रह जाता है। धर्म या जाति के नाम पर हमारे मुल्क में तमाम तरह की अभिव्यक्ति को बाधित किया जाता रहा है। पत्रकारिता की गरिमा को बचाने का सवाल भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सवाल का ही हिस्सा है। इस खंड में और भी कई महत्त्वपूर्ण विषयों को उठाया गया है जैसे फर्जी किताबों का धंधा, रैगिंग की बीमारी, लैगिंक भेदभाव आदि। किसान आन्दोलन के प्रतिरोधी स्वर को कुंद करने के लिए जिस सरकार ने किसानों को ही पंजाब का किसान और उत्तर प्रदेश का किसान जैसे खेमों में या धनी किसान और गरीब किसान के बीच बांटने की कोशिश की, वह लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। संसद के 90 फीसदी सदस्य करोड़पति हैं। यह सवाल क्यों नहीं उठता कि कोई करोड़पति बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व किस तरह कर सकता है भला ? पर यह सवाल उठाया गया कि पंजाब के किसानों का आन्दोलन वहां के समृद्ध और बड़े किसानों का आन्दोलन है। राहुल, प्रियंका, मोदी, योगी, अखिलेश, जयंत आदि की राजनीति का विश्लेषण भी है इन आलेखों में। इसके साथ मुसलमान, किसान और पत्रकारिता के लिए बुरे होते जाते इस वक्त की पहचान भी है।

पुस्तक का तीसरा भाग देश-दुनिया की कुछ शख्सियतों पर केंद्रित है। जिनमें कवियों के कवि शमशेर, अंबेडकर, भगत सिंह, ओम प्रकाश वाल्मीकि से लेकर स्टीफन हॉकिंग और विष्णु प्रभाकर तक पर केंद्रित आलेख हैं। यह देखकर खुशी हुई कि इस खंड के पहले आलेख में रोहित कौशिक ने अपने जनपद के कवि शमशेर बहादुर सिंह को याद किया है। इस खंड का दूसरा आलेख अंबेडकर पर है। रोहित कौशिक का कहना सही है कि हमें अंबेडकर की मूर्तियों पर राजनीति करने से आगे बढ़कर उनके विचारों पर बात करनी चाहिए। इसी तरह आज के युवा को भगत सिंह के आदर्शों व विचारों के आईने में खुद को देखना चाहिए। कुल मिलाकर नए पाठक के लिए पुस्तक उत्प्रेरक की तरह है। इससे गुजरकर वे आगे की विचारसरणियों में जाने को प्रेरित होंगे।

कहानी

बनफूल

# अमला

**-एक-**

अमला को आज देखने आनेवाले हैं। पात्र का नाम है अरुण। नाम सुनते ही अमला के दिल में मानो अरुण आभा छिटक गयी। कल्पना में उसने कितनी छवियाँ ही न बना डाली। सुन्दर, सुशील, बलिष्ठ, माथे पर करीने से काढ़ी गयी मांग। कुर्ता पहने हुए- सुन्दर सुपुरुष।

अरुण का भाई वरूण उसे देखने आया। वह उसे ओट से देखकर सोचने लगी- 'मेरा देवर।'

लड़की देखना हो गया। लड़की पसन्द आयी। यह सुनकर अमला की खुशी का ठिकाना न रहा। रात उसने ढेरों सपने बुन डाले।

लेकिन शादी नही हुई- दहेज की रकम पर बात अटक गयी।

**-दो-**

फिर कुछ दिनों के बाद अमला को देखने आए। इस बार लड़का स्वयं आया। नाम हेमचन्द। इस बार अमला ने छिपकर ओट से देखा, बेश शान्त सुन्दर चेहरा- गोरा रंग- घुंघराले बाल- सुनहरी फ्रेम कर चश्मा- बहुत ही खूबसूरत।

फिर अमला का मन धीरे-धीरे इस नए आगन्तुक की ओर बढ़ गया।

कितनी ही बातें सोचने लगी वह।

इस बार दहेज पर तो बात बनी, लेकिन लड़की पसन्द नहीं हुई।

**-तीन-**

अंत में लड़की पसन्द भी हुई- दहेज पर सी बात बनी- शादी भी हुई। पात्र हैं विश्वेश्वर बाबू। मोटे काले गोल-मटोल हृष्ट-पुष्ट सज्जन, बी.ए. पास, सरकारी दफ्तर में नौकरी करते हैं।

अमला के साथ जब उनकी शुभदृष्टी हुई, तब पता नही क्यों, कैसी एक ममता से अमला का सारा हृदय भर गया। ऐसा शान्त, शिष्ट निरीह पति पाकर अमला मुग्ध हो गयी।

अमला सुखी है।

**( अनुवाद : जयदीप शेखर )**



# अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए

■ गोपालदास 'नीरज'

अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए।
जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए।

जिसकी ख़ुशबू से महक जाय पड़ोसी का भी घर
फूल इस क़िस्म का हर सिम्त खिलाया जाए।

आग बहती है यहाँ गंगा में झेलम में भी
कोई बतलाए कहाँ जाके नहाया जाए।

प्यार का ख़ून हुआ क्यों ये समझने के लिए
हर अँधेरे को उजाले में बुलाया जाए।

मेरे दुख-दर्द का तुझ पर हो असर कुछ ऐसा
मैं रहूँ भूखा तो तुझसे भी न खाया जाए।

जिस्म दो होके भी दिल एक हों अपने ऐसे
मेरा आँसू तेरी पलकों से उठाया जाए।

गीत उन्मन है, ग़ज़ल चुप है, रूबाई है दुखी
ऐसे माहौल में 'नीरज' को बुलाया जाए।

### सतना में मीडिया से बोले शिवराज

# विंध्य ने कांग्रेस को सब दिया लेकिन कांग्रेस ने कुछ नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** विंध्य ने कांग्रेस को सब दिया, लेकिन कांग्रेस ने विंध्य को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस में केवल परिवारों की चिंता होती आई है कार्यकर्ताओं की नहीं। सतना में ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जाएगा। अभी एक ग्लोबल स्किल पार्क बना है भोपाल में, सिंगापुर के सहयोग से बनाया गया है, जिसमें विश्व स्तरीय ट्रेनिंग बच्चों को दी जाती है।

यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना में मीडिया से चर्चा करते हुए कही। श्री चौहान ने कहा कि कमलनाथ जी बताएं अपने सवा साल का कार्यकाल में विंध्य के लिए क्या दिया। कितने बार विंध्य के दौरे किए..क्या क्या दिया विंध्य को जो यहां के लोगों का विकास कर सके। हम हिसाब देने को तैयार हैं विंध्य का जो विकास हुआ है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है।

## बिखरी हुई कांग्रेस प्रदेश का भला नहीं कर सकती

श्री चौहान ने कहा कि बिखरी हुई कांग्रेस कभी देश और प्रदेश का भला नहीं कर सकती। सोनिया गांधी बेटा और बेटी को ही स्थापित करने में जुटी हैं। इसी परंपरा को कमलनाथ जी निभा रहे हैं, वह अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं। उनके बेटे तो टिकट भी घोषित करते हैं। पहले छिंदवाड़ा की टिकट बेटा अनाउंस करेगा और बाद में फिर कांग्रेस अनाउंस करेगी। दिग्विजय जी अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं और पर्दे के पीछे इंडी गठबंधन तो बिखर ही गया है कांग्रेस भी बिखेर रही है और अब सफाई देनी पड़ रही है हम साथ-साथ हैं।

## दिग्विजय सिंह की चक्की ने कमलनाथ को पीस दिया

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के नेता तो जय वीरू की जोड़ी बता रहे हैं। अब यह जोड़ी जय वीरू की जोड़ी नहीं है एक फिल्म आई थी मेरे अपने जिसमें श्याम और छेनू की जोड़ी दोनों अपने-अपने मोहल्ले में कब्जे के लिए लड़ते थे। ऐसा ही कांग्रेस में हो रहा है। अभी कमलनाथ की चक्की कितनी चलेगी मुझे पता नहीं फिलहाल दिग्विजय सिंह की चक्की ने कमलनाथ को पीस दिया।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-

# कांग्रेस अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा 20 वर्षों से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस नेता आपस में कुर्ता फाड़ राजनीति कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। जबकि भाजपा मध्यप्रदेश में अपनी विकास यात्रा के कीर्तिमान के कारण जनता का विश्वास प्राप्त कर रही है। श्री प्रसाद ने ये बात मीडिया से बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में कितना सद्भाव और सहमति का अभाव है। यह बड़ा विषय है जो हम जनता को बताएंगे कि यह कांग्रेस पार्टी है जो जनता के भलाई और विकास की झूठी बातें करती है। केन्द्रीय मंत्री ने विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को अवसरवादी गठबंधन बताते हुए कहा कि अभी लोकसभा चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई कि अभी से गठबंधन बिखर गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश चुनाव में आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी भी कूद गई है, वहीं कमलनाथ कहते है कि इनका कोई वजूद ही नहीं है, इन्हें क्या हिस्सा दें, यहां कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई है। श्री प्रसाद ने कहा कि विपक्षियों का गठबंधन अवसरवादियों का ठगबंधन है।

श्री प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी जातिगत जनगणना की बात करते हैं। पहले कोई सावरकर के नाम पर उन्हें चिठ्ठी पकड़ा गया था, अब नीतिश कुमार उन्हें जातिगत जनगणना की चिट पकड़ाई, जिसे राहुल गांधी सिर्फ पढ़ने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ पिछडों की बात करती है, जबकि भाजपा के 80 सांसद पिछड़ा वर्ग से है। पिछड़ा वर्ग से सबसे ज्यादा विधायक भाजपा के हैं। अनुसूचित जाति के विधायक सबसे अधिक भाजपा के है।

## कमलनाथ छिंदवाडा में चुनाव हार रहे हैं

श्री प्रसाद ने कहा कि छिंदवाड़ा से यदि कमलनाथ हार जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में मैंने जो स्थिति देखी उसको देखकर यह कहा जा सकता है, कांग्रेस में हताशा भरी लड़ाई देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम विकास के नाम और अपने काम पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आस्था, अध्यात्म और संस्कार की जननी है। यहां भाजपा विकास के मुद्दे पर पुनः सरकार बनाएगी।

### सुरजेवाला ने लगाया बड़ा आरोप

# सरकार के संरक्षण में हुआ पटवारी परीक्षा घोटाला



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज शिवराज सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पटवारी परीक्षा घोटाला सरकार के संरक्षण में हुआ है।

श्री सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि जब यह मामला सामने चुका था, परीक्षाओं के पहले ही सरकार को इस मामले की जानकारी हो गई थी, इसके बाद भी परीक्षाएं क्यों कराई गईं। उन्होंने आज पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद पटवारी भर्ती घोटाले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने कहा कि इसका खुलासा इसी साल 4 अप्रैल को ही हो गया था, जब ग्वालियर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली थी लेकिन फिर भी 15 मार्च से 25 अप्रैल तक परीक्षा कराई गई। उन्होंने कहा कि इस बात का खुलासा इसी साल 4 अप्रैल को ही हो गया था, जब ग्वालियर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली थी उस गैंग के लोगों ने बताया था कि कैसे वो परीक्षा में सॉल्वर बैठाते है ,लेकिन फिर भी 15 मार्च से 25 अप्रैल तक परीक्षा कराई गई, क्योंकि सॉल्वर गैंग को शिवराज सरकार का संरक्षण प्राप्त था। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपियों से कुछ से लैपटाप, बायोमेट्रिक मशीन सहित अन्य सामाग्री जप्त की थी। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि सरकार के संरक्षण में यह पूरा घोटाला हुआ था, इसलिए प्रदेश स्तर पर व्यापक जांच नहीं कराई गई।

श्री सुरजेवाला ने सवाल किया कि जब 4 अप्रैल को एफआईआर हो गई तो 15 मार्च से शुरू हुई पटवारी भर्ती परीक्षा 25 अप्रैल तक कैसे होती रही, इस भर्ती परीक्षा को रद्द क्यों नहीं किया गया, शिवराज सिंह चौहान क्यों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करते रहे? इसका जवाब आज युवा पूछ रहा है। सुरजेवाला ने नर्सिंग घोटाले का उल्लेख भी इस दौरान किया और कहा कि इस परीक्षा की जब मेरिट लिस्ट जब सामने आई तो इसमें 10 से से 7 भाजपा विधायक के कॉलेज के थे और एक भाजपा के मंत्री के बेटे के कॉलेज का था, ये सब क्या है ? उन्होंने इस मामले में शिवराज सरकार से जवाब मांगा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हम इन सभी घोटालों की जांच कराएंगे और उसमें मुख्यमंत्री श्री चौहान की भूमिका की भी जांच कराएंगे और जो भी कोई दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी फिर चाहे वह कोई भी क्यों न हो।

# वाईएसआर तेलंगाना पार्टी विस चुनाव नहीं लड़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाईएसआरटीपी अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने शुक्रवार को कहा कि वाईएसआर तेलंगाना पार्टी राज्य में 30 नवम्बर को होने वाला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी और विपक्षी कांग्रेस का समर्थन करेगी। अविभाजित आंध्र प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला ने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाले बीआरएस के भ्रष्ट और जनविरोधी शासन को समाप्म करने के लिए कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जब राज्य में सत्ता परिवर्तन की संभावना हो तो वह सरकार विरोधी वोटों को बांटकर बाधा नहीं बनना चाहेंगी।

### दिल्ली में प्रदूषण वाली इमरजेंसी

# पांचवीं तक के स्कूल बंद, गैर जरूरी निर्माण कार्यों पर लगी रोक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण से हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात बन गए हैं। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। शुक्रवार को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम समेत पूरे एनसीआर की एयर क्वालिटी गंभीर स्तर में दर्ज हुई। दिल्ली में कई जगह का एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 के पास पहुंच चुका है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का मीटर 500 से ज्यादा एक्यूआई नहीं दिखाता है। नोएडा में भी एक्यूआई 400 से ज्यादा है। गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद समेत पूरे एनसीआर में जहरीली हवा के चलते अंधेरा छाया है। एनसीआर गैस चैंबर बन गया है। ग्रेडेड ऐक्शन रिस्पांस प्लान का तीसरा स्टेज लागू कर दिया गया है। शुक्रवार की स्थिति को देखते हुए ग्रैप का चौथा स्टेज का भी लागू हो सकता है।

शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि शनिवार को प्री स्फल, प्री प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल यानी नर्सरी से लेकर क्लास 5 तक के छात्रों के लिए स्कूल बंद रहेंगे। शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि ऑनलाइन क्लासेज रखी जाएं। यातायात विभाग ने दिल्ली में पेट्रोल की बीएस-3 और डीजल की बीएस-4 इंजन वाली गाड़ियों के परिचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। यह पाबंदी कमर्शल वाहनों के साथ प्राइवेट गाड़ियों पर भी लागू होगी। दिल्ली ही नहीं, दूसरे राज्यों के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली गाड़ियों पर भी यह पाबंदी लागू होगी। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को भी धुंध छाई रही। रेस्पाइरर की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली बीते पांच सालों में सबसे प्रदूषित शहर रहा है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। लोधी रोड इलाके में एक्यूआई 438, जहांगीरपुरी में 491, आरके पुरम इलाके में 486, आईटीओ में 451, नजफगढ़ में 472, आईजीआई एयरपोर्ट में 500, नरेला में 500 और आईजीआई एयरपोर्ट (टी-3) के आसपास 473 है दर्ज किया गया। वहीं नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 400 पर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। सेक्टर-62 में 483, सेक्टर-1 में 413 और सेक्टर-116 में 415 पर गंभीर श्रेणी में एक्यूआई रहा। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है। जिसमें गैर-जरूरी निर्माण और तोड़-फोड़ के काम पर रोक शामिल है। सीएक्यूएम की मीटिंग के बाद राजधानी में ग्रैप-3 को लागू करने का फैसला लिया गया।

## 5 सालों में सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली

# कांग्रेस ने बागियों को दिखवाया बाहर का रास्ता

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय या अन्य पार्टियों के टिकट पर मैदान में उतरने वाले बागियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, पार्टी ने पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू और पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह सहित 39 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। पार्टी उपाध्यक्ष, महामंत्री और पूर्व विधायक के नाम बागियों की सूची में शामिल हैं। यह कार्यवाही उन पर की गई है, जिन्होंने पार्टी की समझाईश के बाद भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया।

पहले कांग्रेस से टिकट के लिए खुद को कट्टर कांग्रेस बताने वाले इन कांग्रेस नेताओं ने पार्टी प्रत्याशियों की सूची सामने आते ही पहले तो पुरजोर विरोध जताया था, लेकिन जब पार्टी ने उनकी नहीं सुनीं तो वे बगावत पर उतर आए। कुछ ने निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर आए तो कुछ ने दूसरी पार्टियों का चुनाव-चिन्ह लेकर कांग्रेस के प्रत्याशी के लिए चुनौती देने लगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित अन्य नेताओं ने पहले इन नेताओं को समझाईश दी, जिनमें ज्यादातर नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सलाह पर अपना नाम वापस ले लिया, लेकिन जिन्होंने नाम वापसी की अंतिम तारीख तक अपना नामांकन वापस नहीं लिया, उनके खिलाफ पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर संगठन ने शुक्रवार को निष्कासन की यह कार्रवाई की गई। कांग्रेस द्वारा आलोट से पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू, नागोद से पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह, महू से अंतरसिंह दरबार, श्योपुर से दुर्गेश नंदिनी, सुमावली से कुलदीप सिंह सिकरवार, पोहरी से प्रद्युमन वर्मा, गुना से हरिओम खटीक, जतारा से आर.आर.बंसल(वंशकार), निवाड़ी, रजनीश पटेरिया, खरगापुर से अजय सिंह यादव, खरगापुर से प्यारेलाल सोनी, महाराजपुर से अजय दौलत तिवारी, चंदला, पुष्पेन्द्र अहिरवार, छतरपुर, दीलमणि सिंह, मलहरा से डॉ. करण सिंह लोधी, हटा से अमोल चौधरी, हटा से भगवानदास चौधरी, पवई से रजनी यादव, सेमरिया से दिवाकर द्विवेदी, देवतालाब से सीमा जयवीर सिंह, पुष्पराजगढ़ से नर्मदा सिंह, मुड़वारा से संतोष शुक्ला, बरगी से जयकांत सिंह, सीहोरा से डॉ.संजीव वरकड़े, डिंडोरी से रूदेश परस्ते, बालाघाट से अजय विशाल बिसेन, गोटेगांव से शेखर चौधरी, आमला से सदाराम झारबड़े, शमशाबाद से राजकुमारी केवट, भोपाल उत्तर से आमिर अकील, भोपाल उत्तर से नासीर इस्लाम, सुसनेर से जीतू(जीतेन्द्र) पाटीदार, कालापीपल से चतुर्भुज तोमर, पानसेमल से रमेश चौहान, जोबट से सुरपाल अजनार, धरमपुरी से राजूबाई चौहान, धार से कुलदीप सिंह बुंदेला, बड़नगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, मल्हारगढ़ से श्यामलाल जोकचंद और बहोरीबंद से शंकर महतो को कांग्रेस ने 6 साल के लिए निष्कासित किया है।

## पूर्व सांसद-विधायक सहित 39 नेता 6 साल के लिए निष्कासित

# पूर्व मंत्री जीत पटवारी के भाई नाना पटवारी गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के पूर्व मंत्री जीत पटवारी के भाई नाना पटवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विगत 2017 में हुए किसान आंदोलन के समय उन्हें आरोपी बनाया गया था। इस मामले में लंबे समय तक फरार होने के बाद उनके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हो गया था। आज सुबह उनकी गिरफ्तारी की गई।

पूर्व मंत्री जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हैं, और वह राऊ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी हैं। जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी सहित अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान इंदौर के राजेंद्र नगर पुलिस थाना क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों पर हमला किया था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में नाना पटवारी सहित अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। लगातार फरार रहने के कारण कुछ दिन बाद न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी कर दिया था। पुलिस लम्बे समय से उनकी तलाश कर रही थी। आखिरकार पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर ही लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया और यहां से इसे जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही श्री पटवारी को राजनीतिक मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# सेमरिया : मुकाबला हाथी और पंजे का

• रीवा-सतना से नरेंद्र कुमार मौर्य

**रीवा, देशबन्धु।** रीवा में इस बार चौंकाने वाले नतीजे होंगे। कई जगह मतदाता मुखर हैं और जनप्रतिनिधियों के कामकाज का पोस्टमार्टम कर रहे हैं। सबसे पहले हम सेमरिया विधानसभा सीट का जायजा लेते हैं, जहां त्रिकोणीय मुकाबला दिख रहा है। भाजपा ने अपने एक बार फिर विधायक के पी त्रिपाठी को ही प्रत्याशी बनाया है। यह राजनीति का कमाल ही है कि उनके खिलाफ भाजपा छोड़कर आये एक दिग्गज नेता अभय मिश्र कांग्रेसी उम्मीदवार हैं। इन दोनों के ही ख़िलाफ़ बसपा का चिर परिचित चेहरा पंकज पटेल हैं।





हिनौता गांव में जब हम बड़े से बरामदे वाली छोटी दुकान में पहुंचे तो वहाँ पांच-छह ग्रामीण मौजूद थे। देशबन्धु का नाम सुनते ही उन्होंने बात करने में देर नहीं की। नारायण सिंह बेबाकी से बोले कि यहाँ कांग्रेस का जोर है। जनता बदलाव चाहती है। पिछले विधायक के प्रति लोगों में गुस्सा है। मुकाबला अभय मिश्रा और पंकज पटेल के बीच है। भाजपा इस बार तीसरे नम्बर पर जायेगी।

एक सरकारी पल्लेदार ने अपना नाम बताने में मजबूरी जाहिर की लेकिन खुलकर बोले कि अभय मिश्रा नहीं होते तो बसपा जीत जाती, लेकिन उनके आने से बसपा की राह मुश्किल हो गई है। उन्होंने कहा कि सेमरिया में बदलाव होगा। लोग केंद्र में मोदी जी को और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार चाहते हैं।

उधर गांव के ही रामनरेश गुप्ता कहते हैं कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लाड़ली बहना के नाम पर जो पैसा मिलता है वो तो चाय शक्कर में ही चला जाता है। जीरा खरीदते समय बहना का दिमाग खराब हो जाता है। बिजली भी बहुत महंगी हो गई है।

गौरतलब है कि 2003 में जब उमा भारती प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं तब सेमरिया विधानसभा सीट अस्तित्व में आई थी। 2008 में पहला चुनाव हुआ और भाजपा के अभय मिश्रा विधायक बने। तब बसपा दूसरे नंबर पर थी। 2013 में अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा भाजपा के टिकट पर चुनी गई। 2018 में भाजपा के ही के पी त्रिपाठी विजयी हुए। वे इस बार फिर उम्मीदवार हैं, लेकिन यह पहली बार है कि भाजपा की राह कांटों भरी है।

राजनीति के खिलाड़ी किसी भी दल से खेलने को तैयार हो जाते हैं। अभय मिश्रा भाजपा से कांग्रेस में चले गए। और अक्टूबर की शुरुआत में वे फिर यह कहते हुए भाजपा में लौट आए कि उनसे गलती हो गई थी। भाजपा तो उनका घर है, लेकिन जब भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दी तो वे फिर कांग्रेस में लौट आये और कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार बनाने में देर नहीं की। वे क्षेत्र के कद्दावर नेता है और संपन्न भी हैं। लोग बताते हैं कि उनके कांग्रेस प्रत्याशी बनने से पुराने कांग्रेसी नाराज़ ज़रूर हुए थे, लेकिन अभय मिश्रा ने उन्हें मना लिया। हिनौता गांव के लोग रीवा के सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्रा से भी नाराज़ हैं।

उधर शाहपुर गांव के विद्याधर द्विवेदी कहते हैं कि भाजपा का काम अच्छा है। विधायक ने 17 करोड़ रुपए के काम करवाये हैं। उनकी क्षेत्र में अच्छी स्थिति है। लाडली बहना के योजना का भी असर है। लेकिन उनकी बात का इसी गांव के सचिन मिश्रा विरोध करते हैं। वे कहते हैं कि शाहपुर की जनता भी सत्ता परिवर्तन चाहती है।

एक चाय की दुकान में बैठे वयोवृद्ध बुद्धसेन दाहिया पहले तो बहुत देर तक चुप रहते हैं। बार-बार पूछने पर भी कुछ नहीं कहते। बाद में धीरे से कहते है कि हम तो पंकज को ही वोट देंगे। चाहे वो जीते या हारे। वे कहते हैं कि जनता भी हाथी का ही सोच रही है। रामनरेश पटेल उनकी बात का समर्थन करते हैं। वे कहते हैं यहाँ हाथी और पंजे का ही मुकाबला है। उन्होंने बताया यहाँ एक आदिवासी की हत्या हो गई थी। तब कोई नहीं आया, लेकिन पंकज आये थे। जनता इस बार बदलाव चाहती है। तभी वहाँ एक और वयोवृद्ध सज्जन काशीप्रसाद भी आ गए। वे कहने लगे कि ऐसा भी होता है कि वोट कोई के पड़े और जीते कोई और। पर्ची से चुनाव करावें, फिर देखें।

बीड़ा गांव के सुरेंद्रमणि द्विवेदी ने बताया कि क्षेत्र में परिवर्तन की लहर है। उनके अनुसार लड़ाई कांग्रेस और भाजपा में हैं। वैसे बसपा के पंकज पटेल भी हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस से किसानों को लाभ है। सरकार पांच रुपए किलो गोबर खरीदेगी और उसकी खाद बनाएगी। गांव के वीरेन्द्र सिंह मीणा ने एक दिलचस्प बात कही कि साल में तो पेड़ भी पत्ते छोड़ देते हैं लेकिन भाजपा तो 18 साल से कुछ भी नहीं छोड़ पा रही।

पुरवा बसावन मामा गांव के बैजनाथ जी कहते हैं कि अभी माहौल कांग्रेस का है लेकिन जीतेंगे त्रिपाठी ही। अभी भाजपा प्रत्याशी चुप हैं। उनका प्रचार शुरू नहीं हुआ है लेकिन जब वे सक्रिय होंगे तो आगे निकल जाएंगे। उधर एक युवा छोटू कहते है कि यहां बसपा का जोर है। एक फोन करो तो पंकज पटेल तुरंत आ जाते है। मथुरा काका फांसी लगाकर मर गए थे तब पंकज तुरंत आ गए थे। उन्होंने कहा कि बसपा-कांग्रेस में मुकाबला है। भाजपा इस बार मुश्किल में रहेगी। सेमरिया कस्बे में पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा कहते हैं कि यहाँ सड़क और बिजली की सहूलत अभय मिश्रा की देन है। केपी त्रिपाठी का विरोध है। भाजपा सरकार से लोग थक गए हैं। तभी अहसान ख़ान ने चुटकी ली भाजपा जीत भी सकती है। आखिर एक हजार रुपये देना भी तो काम है। मुहम्मद अंसार कहते हैं कि कांग्रेस-बसपा में ही मुकाबला है। संतु यादव भी कहते हैं कि अभी माहौल कांग्रेस का ही ज़्यादा है। सेमरिया में केपी त्रिपाठी ने कोई काम नहीं करवाये। रामसिया प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार बहुत है। त्रिपाठी ग़लत लोगों से जुड़े हैं। इससे उन्हें नुक़सान होगा। राजन द्विवेदी ने भी कहा कि क्षेत्र में आप जहां भी जायेंगे, ज़्तयादातर लोग कांग्रेस का ही नाम लेंगे।

# सतना : कड़े मुकाबले में फँसे भाजपा सांसद



**सतना, देशबन्धु।** पिछले रविवार भाजपा सांसद और अब विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार गणेश सिंह ने पत्रकार वार्ता आयोजित की। पत्रकारों ने सोचा कुछ खास बात होगी। लेकिन श्री सिंह सिर्फ पत्रकारों से रूबरू होना चाहते थे। देर होते देख भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एसएन सिंह ने बात शुरू कर दी। वे रटे-रटाये अंदाज में भाजपा की उपलब्धि गिनाने लगे। इस बीच गणेश सिंह भी आ गए। पत्रकार प्रवक्ता से सवाल पूछना चाहते थे, लेकिन उन्हें दरकिनार कर माइक गणेश सिंह को सौंप दिया गया। वे भी अपने काम ब्यौरा देने लगे। इस दौरान वे तनाव मे ही नज़र आये। ऊपर से वे कितने ही शांत दिखने की कोशिश करें, लेकिन उनकी पेशानी पर शिकन दिख ही जाती है। पत्रकारों से सिर्फ मुलाकात करने वाली बात ही जाहिर कर देती है कि वे कड़े मुकाबले में फंसे हैं। इस संवाददाता ने राष्ट्रीय प्रवक्ता से जब सत्ता विरोधी हवा को लेकर सवाल पूछा तो वे कुछ नहीं बोले, सिवाय इसके कि उन्हें मोदी के करिश्मे और शिवराज की मेहनत पर भरोसा है।

भाजपा की दिक्कत बागी रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा ने भी बढ़ा दी है जो बसपा से उम्मीदवार हैं। मज़े की बात यह है कि उनके चाचा भाजपा में हैं और पिता बेटे का प्रचार कर रहे हैं। उनका परिवार बसपा और भाजपा में बंट गया है। कांग्रेस ने मौजूदा विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को फिर मौका दिया है। वे इस बार भी भाजपा को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। महुआ बस्ती के शुभ कल्याण सिंह कहते हैं कि सांसद से जनता नाराज़ है। उनकी जगह शिवा खड़े होते तो मुकाबला कड़ा होता। सांसद ने 20 साल में कुछ नहीं किया इसलिए लोग उन्हें पसंद नहीं कर रहे। अभी तो सिद्धार्थ आगे दिख रहे हैं।

लेकिन अशोक साहू कहते है कि शिवा को लोग कम जानते हैं। सिद्धार्थ अपने पिता सुखलाल की वजह से जीते थे। अब उनके पिता नहीं हैं, देखो इस बार क्या होता है। उल्लेखनीय है कि सुखलाल कुशवाहा बसपा के कद्दावर नेता रहे हैं। उन्होंने 1996 के लोकसभा चुनाव में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेन्द्र सखलेचा को पराजित किया था। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि पिछली बार की तरह बसपा का वोट कांग्रेस को नहीं गया तो मुश्किल हो सकती है। क्योंकि शिवा पूरा जोर लगा रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार और सांसद के प्रति लोगों की नाराज़गी सिद्धार्थ कुशवाहा के लिए ढाल की तरह काम कर रही है।

शुभ कल्याण सिंह की बात बदखर वार्ड 12 के वाल्मीकि शुक्ला भी दोहराते हैं और कहते हैं कि इस बार जनता हिसाब बराबर कर देगी। राम सिंह बुंदेला कहते हैं कि भाजपा सरकार से लोग थक गए हैं। इतना भ्रष्टाचार है फि बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता। उन्होंने कहा मुख्य मुकाबला कांग्रेस-भाजपा में ही है। शिवा अगर भाजपा से खड़े होते तो बात कुछ और होती। ट्रांसपोर्ट नगर के सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि भाजपा मुकाबले में है। यह ज़रूर है कि लोगों में नाराज़गी है, लेकिन सांसद को विधानसभा चुनाव में उतार कर भाजपा ने नाराज़गी कम करने की कोशिश की है। अब देखो इसका कितना असर होता है।

उधर मणिकांत शुक्ला यहाँ त्रिकोणीय मुकाबला बताते हैं। उनका मानना है कि शिवा कमज़ोर नहीं हैं। वे भाजपा और कांग्रेस दोनों का नुकसान करेंगे। वे बाजी पलटने की क्षमता रखते है। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में मिले जुले वोट हैं। मुस्लिम भी अच्छी संख्या में हैं उनके वोट कांग्रेस में जाएंगे। लेकिन यहाँ से भाजपा को भी अच्छे वाले वोट मिलेंगे। व्यापारी राजकिशोर अग्रवाल को भी सतना में त्रिकोणीय मुकाबला नज़र आता है। वे कहते हैं तीनों में कांटे की टक्कर है। कह नहीं सकते आखिर में कौन बाजी मारेगा।

माधवगढ़ के दादन तोमर साफ कहते हैं कि जनता परिवर्तन चाहती है। किले के पास ही तोमर की पान की दुकान है। उन्होंने बताया कि सरकार ने यह किला लीज़ पर दे दिया है। सामने इस तरफ सड़क बन रही है। सरकार उनकी दुकान को हटाना चाहती है। अब मैं कहाँ जाऊँ। हमारे पास पक्के कागज हैं। हमने नपाई के लिए आवेदन किया है, लेकिन नौ महीने बाद भी पटवारी ने नपाई नहीं की। सड़क किनारे ठेले पर चाय-बिस्कुट की दुकान करने वाले सुधीर जायसवाल ने कहा कि हम उसे वोट देंगे जो भ्रष्टाचार खत्म करेगा। एक तिरछी मुस्कान के साथ वे कहते हैं जिन्होंने बहुत मज़े मारे, अब वे मुश्किल में हैं। उन्होंने जनता को खूब चूना लगाया। अब जनता भी उन्हें चूना लगाने को तैयार बैठी है।

सुधीर जायसवाल ने बताया कि वे रात दस बजे तक दुकान चलाते हैं। उसके बाद अपना यूट्यूब चैनल चलाते हैं। उनके चैनल का नाम है 'सोच कर देखें'। उन्होंने बताया अभी शहर और समाज की बात करते हैं। फिर राजनीति की ही करेंगे। अभी शुरुआत है इसलिए वे सब कुछ स्वयं ही करते हैं। बात करते हुए वे बहुत उत्साहित थे। एक दूसरे दुकानदार सुधीर द्विवेदी कहते हैं कि भाजपा सांसद बहुत मुश्किल में हैं। उन्हें पार्टी में भी और क्षेत्र में भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वे इससे कैसे निपटते हैं इस पर ही पूरा खेल टिका है।

# उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे ग्रामों में पुलिस ने निकाला फ्लेग मार्च

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** आचार संहिता के तहत जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना बड़ागांव क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन हेतु टीकमगढ़ पुलिस एवं सीआईएसएफ के सशस्त्र जवानों की संयुक्त टीम के द्वारा बड़ागांव थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिवेंद्र त्रिवेदी के नेतृत्व में ग्राम परा, मोखरा, अजनौर, भैसवारी, शुक्लाई एवं कस्बा बड़ागांव में प्रभावी फ्लैग मार्च कर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित कर विश्वास पर्ची, रेड कार्ड, यलो कार्ड, एवं ग्रीन कार्ड वितरित किए गए एवं निर्भीक होकर मतदान करने को बताया गया।



## सामान्य प्रेक्षकों ने कई मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जतारा के लिये नियुक्त प्रेक्षक रायनिहतिलांग रापथाप द्वारा शनिवार 4 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रेक्षक श्री रापथाप द्वारा ग्राम वीरऊ में मतदान केन्द्र क्रमांक 18 व 19, सतगुवां में मतदान केन्द्र 37, 38 व 39, मुहारा में 234, 235, 236, 237, 238 एवं 239 तथा बैरवार में मतदान केन्द्र 220 सहित अन्य मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के लिये नियुक्त प्रेक्षक डॉ. शर्मिला मेरी जोसिफ(आईएएस) ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने आयोग द्वारा निर्धारित मतदाता सुविधाओं का अवलोकन किया तथा मतदान केंद्रों की व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रेक्षक श्री रापथाप ने पीजी कॉलेज में स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये।

## प्रत्याशियों को निर्धारित तिथियों में जारी करना होगा आपराधिक प्रकरण का विज्ञापन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने आपराधिक इतिहास का विवरण सर्वसाधारण की जानकारी के लिये अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करायें। प्रथम प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी दिनांक से 4 दिवस के अन्दर अर्थात 2 नवम्बर से 6 नवम्बर, द्वितीय प्रकाशन 7 नवम्बर से 10 नवम्बर और तृतीय प्रकाशन 11 नवम्बर से प्रचार समाप्ति तक (मतदान दिवस से दो दिवस पूर्व) दिनांक 15 नवम्बर तक किया जाना है। आयोग के दिशा-निर्देशानुसार राष्ट्रीय समाचार पत्र जिनकी कम से कम एक संस्करण की संख्या डीएवीपी/ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 75 हजार से अधिक हो एवं जिनका एक से अधिक राज्य में सर्कुलेशन हो तथा इसी प्रकार ऐसे स्थानीय समाचार पत्रों जिनमें संख्या डीएवीपी/ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के मानक अनुसार न्यूनतम 25000 हो, में प्रकाशन की कार्यवाही की जाना है।

**प्रथम 2 से 6 नवम्बर, द्वितीय 7 से 10 नवम्बर तथा तृतीय प्रकाशन 11 से 15 नवम्बर तक**

## उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्रों में चेक पोस्ट सक्रिय



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव 2023 आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्रों एवं विधानसभा चुनाव 2023 के तहत जिले में तथा उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा से लगे क्षेत्रों में नाके एवं चैक पोस्ट बनाकर उन पर पुलिस बल तैनात किया गया है, जिनके द्वारा सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में लगातार सघन चेकिंग एवं आम जनता को विश्वास पर्ची तथा गुंडे बदमाशों को ग्रीन, यलो, रेड कार्ड वितरण किए जा रहे हैं।

## सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभा आज



जतारा, देशबन्धु। रविवार को जतारा विधानसभा के प्रत्याशी आरआर बंसल के पक्ष मे एक विशाल सभा को संबोधित करने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आ रहे हैं। श्री यादव एक विशाल जैन सभा को संबोधित करेंगे। वह कार्यक्रम स्थल बेरवार रोड जेल के पास पर 1 बजे आएंगे जो एक विशाल जनसभा को संबोधित कर आरआर बंसल के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से अपील करेंगे। महान दल और समाजवादी पार्टी के गठबंधन के चलते महान दल के भी कई बड़े नेता जतारा विधानसभा में आरआर बंसल के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से जनसंपर्क करेंगे।



## छात्रों ने मानव श्रृंखला बना कर मतदान करने के लिए जागरुक

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** नगर में स्थित नवीन बुन्देलखण्ड विद्यालय के छात्रों द्वारा शनिवार को विद्यालय परिसर में मानव श्रखंला बनाकर मतदान के महापर्व 2023 मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में आम जनमानस को मतदान कर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य द्वारा आने बाली 17 नवम्बर दिन शुक्रवार को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर निष्पक्ष मतदान करने और मजबूत सरकार बनाने में अपनी भूमिका अदा करने का निवेदन किया।

## अवैध रुप से देशी शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार



दिगौड़ा, देशबन्धु। पुलिस ने बीते शुक्रवार की रात को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम बर्माडांग से अवैध देशी शराब को जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट धारा 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम को शुक्रवार की रात करीब 8 बजे क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि ग्राम बर्माडांग में ढावा के पीछे एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है। जिस पर तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर रेड कार्रवाई की तो वहां पर एक व्यक्ति अमित घोष निवासी बर्माडांग बोरी में शराब रखे हुए दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही युवक खेतों की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से बोरी में रखी हुई अवैध शराब जप्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस टीम की इस कार्यवाही में एसआई नीरज लोधी, एएसआई कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक मुकेश राय, केशव यादव चालक, आरक्षक सलमान खान, राजेश सिंह, अजीत सिंह, जगभान रजक, महिला आरक्षक शिवालिका अवस्थी की मुख्य भूमिका रही।

## भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व नपाध्यक्ष ने जनसंपर्क करके मांगा समर्थन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा क्षेत्र टीकमगढ़ से प्रत्याशी राकेश गिरी ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम पंचायत बुड़ेरा, डिकौली, नयागांव, भैरा में जनसंपर्क किया। इसके साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति लक्ष्मी गिरी ने भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओ के साथ ग्राम नारगुड़ा, उत्तमपुरा, पहाड़ी खुर्द पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी के समर्थन में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद मांगा और टीकमगढ़ विधानसभा में एक बार फिर कमल खिलाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की अपील की।

## कांग्रेस प्रत्याशी किरण ने बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद



**पलेरा, देशबन्धु।** जतारा विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी किरण अहिरवार ने गौना, करोला, अजोखर, टपरन, परा, भगवंतनगर, टोरिया, विजयपुर, खेरा में घर-घर पहुंचकर जनसम्पर्क करके बड़े बुजुर्गों का आर्शीवाद लिया। कांग्रेस प्रत्याशी किरण ने कहा कि में वादा करती हूं कि जतारा विधानसभा की जनता के साथ अन्याय नही होने दूंगी। पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा मेरी पहली प्राथमिकता रहेंगी। रोजगार के लिये भटक रहे मेरे नौजवान भाइयों की व्यवस्था करूगी। में गांव-गांव मे देख रही हूँ कि गावों मे कितनी गंदगी है। नाली नही, सड़क नही है और कहते है कि विकास किया है। कांग्रेस प्रत्याशी किरण के साथ जनसम्पर्क मे जगन्नाथ अहिरवार, तुलसीदास प्रजापति, श्रीपत यादव, वीरेन्द्र कुमार जैन जतारा, रूपेन्द्र राजा पहाड़ी, बालगोले महराज बराना, द्वारका विश्वकर्मा, वीरेन्द्र तिवारी, हरगोविन्द चढार सरपंच निवोरा, अरविंद रजौरिया, मोहन अहिरवार पलेरा, जितेन्द्र वर्मा मऊरानीपुर, रोहित यादव, रानू तिवारी, अजित ठाकुर, लक्ष्मण कुशवाहा, किशोरीलाल कुशवाहा, ग्यासीलाल अहिरवार सहित बड़ी अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पिकप वाहन के चालक से 1 लाख 50 हजार रुपए जप्त

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव 2023 आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में शुक्रवार 03 नवंबर को एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के दिशा निर्देशन में थाना लिधौरा पुलिस द्वारा लिधौरा-झांसी रोड पर चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन को रोककर चैक किया गया। उक्त पिकअप वाहन के ड्राइवर शंकर सिंह कुशवाहा पिता स्वर्गीय दसई कुशवाहा उम्र 32 साल निवासी पठारी थाना चंदेरा के पास कुल 1 लाख 50 हजार रुपए संदेहात्मक रुप में रखे हुये पाये जाने से एफएसटी टीम को बुलाकर जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लिधौरा निरीक्षक अशोक पाटीदार सिंह एवं एफएसटी टीम आरक्षक अंकुल, विनोद, कृष्णकांत, बृजेंद्र, ब्रज प्रताप एवं एसआरएस सुमित की सराहनीय भूमिका रही।

## गंभीर अपराध के आरोपियों को गिरफ्तार कर पहुंचाया न्यायालय



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या द्वारा लगातार गंभीर अपराधों के निराकरण व आरोपियों की तलाश, पतारशी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के द्वारा थाना मोहनगढ़ के अपराध क्रमांक 263/23 धारा 147, 148, 149, 307, 294, 323, 324, 506 के आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई। उक्त टीम में थाना प्रभारी मोहनगढ़ निरीक्षक श्रीराम सिंह, चौकी प्रभारी बंधा जी उप निरीक्षक अवनीश गिरी, प्रधान आरक्षक 590 बालमुकुंद पाठक, आरक्षक 613 अमित ओझा, 723 रामवीर गुर्जर, 504 दीपेश सेन, 456 सुंदरलाल अहिरवार द्वारा उपरोक्त अपराध के 06 आरोपियों. मुकेश अहिरवार, भगवानदास उर्फ हल्के अहिरवार, संतोष अहिरवार, कमलेश अहिरवार, प्रभु दयाल अहिरवार, दिनेश अहिरवार सभी निवासी ग्राम बिंदारी थाना मोहनगढ़ को विधिवत गिरफ्तार कर तथा घटना में प्रयुक्त लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी जप्त कर माननीय न्यायालय पेश किया।

### कांग्रेस नेत्री प्रदेश महामंत्री ने नक्कड़ सभा को किया संबोधित

## कंस का वध करके उखाड़ फेंके भाजपा सरकार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जो अपने आप को समूचे प्रदेश का मामा कहते हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में हम सभी को महाभारत जैसे कंस मामा का वध करते हुए भाजपा को उखाड़ कर फेंकना है। कांग्रेस पार्टी किसान एवं मातृ शक्ति की हितैषी है। यह बात कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री महिला नेत्री रोशनी यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह बुन्देला के पक्ष में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही है। प्रदेश महामंत्री रोशनी यादव ने टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांटी, हीरानगर, पहाड़ी खुर्द, सुनौरा खिरिया एवं हरपुरा में कांग्रेस प्रत्याशी श्री बुन्देला के पक्ष में वोट मांगते हुए जहां लोगों से जनसंपर्क किया तो वहीं नुक्कड़ सभाओं में भाजपा को आड़ हाथों लेते हुए भाजपा प्रत्याशियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कमलनाथ नौजवान, पढ़ने वाले बच्चों के लिए सरकार आते ही नगद राशि प्रदान करने की घोषणा कर चुके हैं। रोशनी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जगह-जगह आवासों की दुहाई देते नजर आ रहे हैं। मगर आवासों की सच्चाई क्या है यह जनता ही बयां कर पाएगी। क्योंकि आवास उन्हीं हितग्राहियों को दिए गए हैं जिन्होंने जिम्मेदार लोगों के माध्यम से रिश्वत देने का काम किया है। साथ ही उन्होंने गरीबी रेखा के कार्डों में भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। अंत में रोशनी यादव ने कहा कि मेरे चाचा टीकमगढ़ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने विपक्ष में बैठक कर जनता के पक्ष में लड़ाई लड़ने का काम किया है और वह इस समय किन परिस्थितयों से जूझ रहे हैं, कितना परेशान उन्हें सरकार द्वारा किया जा रहा है। यह बात प्रदेश सहित पूरे जिले की कांग्रेस व जनता भली भांति जानती है।



साथ ही जनता का आभार करते हुए प्रदेश महामंत्री ने कहा कि भाजपा कहती है कि मेरा प्रत्याशी कमल है तो हमारा भी कहना है कि कांग्रेस के प्रत्याशी भी कमलनाथ है जो किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाने का काम करते है। सरकार आते ही किसानों का कर्जा पुनः माफ किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह बुन्देला के अलावा सूर्यप्रकाश मिश्रा, संजय नायक, गौरव शर्मा, भरत सोनी, आनंद चौबे, पार्षद पूनम जायसवाल, रामकुमार यादव, पूर्व पार्षद सुनील यादव, रिंकू भदौरा, हबीब राईन, अनीस अहमद, देवेन्द्र नापित, अरविन्द खटीक, लक्ष्मन रैकवार, रानू मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और कमीशन की सरकार चलाई: ब्रजेंद्र प्रताप सिंह



**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र में विधानसभा चुनाव जोर पकड़ रहा हैं, पन्ना विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जमकर कांग्रेस पर हमला बोला। श्री सिंह ने कहा कि कमलनाथ सरकार अपने पाप के कारण गिरी हैं, कांग्रेस ने संबल, विवाह, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को बंद कर दिया। लेकिन भाजपा सरकार बनते ही जन हितैषी योजनाओं को पुनः चालू करके मप्र को विकास की पटरी पर हमारी सरकार ने ला दिया। भाजपा सरकार में महिलाओं को दूर दराज पानी भरने नहीं जाना पड़ता, पन्ना विधानसभा में जो विकास हुआ है उस विकास का गवाह पूरी विधानसभा है। उन्होंने अनेक ग्रामो का भ्रमण किया। जिसमें अजयगढ तहसील के सीलोना, खमरिया, हरसेनी, दीक्षित खेड़ा, बीरा, सुनहरा, बाबा का पुरवा, लोलास, रामपुर, पैरहा का चुनावी दौरा किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज गुनौर में

**पन्ना, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक दिवसीय प्रवास पर जिले की गुनौर विधानसभा मुख्यालय में बस स्टैन्ड मे समाजवादी पार्टी गुनौर विधानसभा के प्रत्याशी अमिता यादव के पक्ष मे चुनावी सभा को सबोंधित करेगें। दोपहर एक बजे गुनौर पंहुचेगें तथा सभा को सबोंधित करेगें।

### गांवों में मतदाता जागरूकता रैलियां निकाली

# पूरे विधानसभा में एक साथ चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**दमोह देशबन्धु।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफीसर 57–हटा रीता डहेरिया के मार्गदर्शन में विधानसभा हटा के सभी 303 मतदान केंद्रों पर आज प्रातरू 10.30 बजे से एक साथ मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित कर संपूर्ण ग्रामों में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसी क्रम में हटा नगर में शासकीय महाविद्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सीएम राईज, मॉडल, नवीन एवं शासकीय महारानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लगभग 800 छात्रों के साथ सामूहिक रूप से एमएलबी हटा के परिसर में मतदाता शपथ ली गई। तदोपरांत नगर के सभी प्रमुख स्थानों से एसडीएम रीता डेहरिया के नेतृत्व में तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, जनपद सीईओ बीएस यादव, सीएमओ राजेंद्र खरे, बीईओ, बीआरसीसी, महिला बाल विकास अधिकारी शिव राय, प्राचार्य डाइट की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें पंचायत सचिव भगवान सिंह के गायन दल द्वारा मतदाता जागरूकता गीतों का गायन किया गया। सभी से मतदान की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनर माधव पटेल ने किया इस अवसर पर स्वीप गीत तैयार करने वाली महाविद्यालय की छात्रा रीता काछी एव रैली में सम्मिलित गायन दल के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

# सुतली बम फैक्ट्री विस्फोट: जबलपुर अस्पताल में भर्ती युवती की मौत,अब तक 6 की मौत

दमोह देशबन्धु। 31 अक्टूबर 2023 की दोपहर सिटी कोतवाली क्षेत्र के बड़ापुल फुटेरा वार्ड 2 में अवैध सुतली बम फैक्ट्री में विस्फोट होने से संचालक सहित दो महिलाओं की घटना दिनांक को ही मौत हो गयी थी जवकि जबलपुर अस्पताल में इलाजरत दो अन्य महिलाओं की मौत इलाज के दौरान हो चुकी है। कुछ पांच की मौत हो जाने के बाद जबलपुर अस्पताल में इलाजरत एक अन्य युवती की मौत हो जाने की खवर आ रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार मृत युवती के चाचा भागचंद कोरी ने बताया कि जबलपुर अस्पताल में शनिवार दोपहर एक–दो बजे के बीच इलाज रत उमा कोरी उम्र 21 वर्ष, युवती की मौत हो जाने पर दुख का माहौल है। पुलिस ने युवती के शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# 3 अपराधियों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना दमोह देहात के अनावेदक उजयार ऊर्फछोटू यादव पिता देवी सिंह यादव निवासी मागंज वार्ड नं.–4 मुश्की बाबा, थाना हिण्डोरिया के अनावेदक शनि ऊर्फ शनी पिता महबूब खान निवासी ग्राम बांदकपुर तथा थाना पथरिया के अनावेदक दलू ऊर्फदयाराम पिता बाल किशुन काछी निवासी वार्ड नं.– 7 पथरिया को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक प्रत्येक सोमवार को संबंधित थानों के थाना प्रभारी के समक्ष 12 बजे से 01 बजे के मध्य अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## पुनः जिला प्रवक्ता बने आशुतोष शर्मा, समस्त कांग्रेसियों से दी बधाई



**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में जिला प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है जिसमें आशुतोष शर्मा को दमोह जिला कांग्रेस कमेटी का पुनः प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। आशुतोष शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख मीडिया प्रभारी केके मिश्रा, दमोह विधायक अजय टंडन एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन का आभार व्यक्त किया। जिला प्रवक्ता बनने पर समस्त कांग्रेसी ने आशुतोष शर्मा को बधाईयां प्रेषित की है।

# भाजपा प्रत्याशी जयंत मलैया के कार्यालय को उद्घाटन

**दमोह देशबन्धु।** नया बाजार नंबर 3 बाल्मीकि वार्ड क्रमांक 19 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयंत मलैया का कार्यालय उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि किशोर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि नया पांच के पार्षद गणेश जाटव, पूर्व पार्षद कृष्णा राज एवं अशोक भारती वर्तमान पार्षद सुहाना टोनी राय करण सूर्यवंशी एवं वार्ड अध्यक्ष महेंद्र अहिरवार वार्ड प्रभारी मनोज अग्रवाल एवं नीलेश पारोचे वार्ड के कार्यकर्ता सुनील राज अजय कछवाहा राहुल कछवाहा एवं शिव शंकर वीरेंद्र एवं शशि एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्कूली बच्चों के लिए रक्त जांच शिविर का आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेंदुखेडा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजगढ़ में स्कूली बच्चों का ब्लड टेस्ट कैंप का आयोजन हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीएमओ ड्रॉ. आर.आर. बागरी जी के निर्देशन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजगढ़ में शनिवार को स्कूल के विद्यार्थियों का ब्लड टेस्ट एवं अन्य जांचे निः शुल्क एवं आवश्यक दवाइयां भी निः शुल्क वितरण की गई। जिसमें तकरीबन स्कूली 60 बच्चों का ब्लड टेस्ट किया एवं अन्य जांचे हुई। साथ ही अन्य मरीजों एवं एएनसी महिलाओ की भी जांचे की गई। और आगे भी निरंतर जारी रहेगा । इस सफल आयोजन में शामिल लैब टेक्नीशियन श्री रिपेश जमरा,



नर्सिंग ऑफीसर पूजा हरदहा, रजनी वासनिक, सुनील सिंह ठाकुर, टेलीमेडिसन देवकुमार घोसी, ममता बंसल, अनीता बंसल दुर्गा बंसल आदि स्टाफकी मौजूदगी रही।

## आज आएंगे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर



**दमोह देशबन्धु।** केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री एवं बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग ठाकुर 5नवबंर का दमोह नगर आगमन होने जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भरत यादव ने बताया कि 5 नवंबर को दोपहर 12 बजें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर दमोह पधारेंगे, एवं भारतीय जनता पार्टी के दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत मलैया के समर्थन में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री दमोह आने के पश्चात कार्यक्रम स्थल नीलकमल गार्डन में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# कलेक्टर कार्यालय सभागार में प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों के साथ की बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक पी मधुसूदन रेड्डी और व्यय प्रेक्षक युद्धस्त कुमार ने कलेक्टर कार्यालय के सभागार में पन्ना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवारों के साथ बैठक की। प्रेक्षकों द्वारा अभ्यर्थियों को निर्वाचन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर सामान्य प्रेक्षक श्री रेड्डी ने कहा कि निर्वाचन की पूरी टीम पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। सभी अभ्यर्थी शांतिपूर्ण माहौल और निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में सहयोग करें और निर्वाचन कार्यालय द्वारा मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध कराये। सभी उम्मीदवार निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन करें। किसी प्रतिनिधि या प्रत्याशी द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाये जाने पर अवगत कराएं। व्यय प्रेक्षक श्री कुमार ने कहा कि अभ्यर्थी द्वारा नगद खर्च सीमा 10 हजार रूपए निर्धारित है। उन्होंने नामांकन के पूर्व खुलवाये गए पृथक बैंक खाता से चुनाव प्रचार व्यय की बात कही। दैनिक रूप से व्यय का लेखा जोखा संधारित करने के लिए भी कहा। प्रत्येक इवेंट पर व्यय की इनवाइस प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीडियो निगरानी दल द्वारा जनसभा, रैली व जुलूस एवं हेलीपैड इत्यादि पर निगरानी रखी जाएगी। व्यय प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों के प्रश्नों व संकाओं का समाधान भी किया। साथ ही पूर्व में सर्वसम्मति से निर्वाचन सामग्री की दरों के निर्धारण संबंधी जानकारी से भी अवगत कराया। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि अभ्यर्थी द्वारा चंदे में मिली राशि भी पृथक बैंक खाता में जमा कराई जाये। आवागमन के दौरान 50 हजार रूपए से अधिक की राशि साथ लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सभी के सहयोग से एवं नियमों का पालन कर चुनाव संपादित कराने के निर्देश दिए। किसी भी समस्या पर प्रेक्षक व जिला प्रशासन के सहयोग से निराकरण किया जाएगा। बैठक में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की विभिन्न धाराओं सहित निर्वाचन व्यय से संबंधित विभिन्न निर्देशों के बारे में अवगत कराया। निर्वाचन परिणाम की घोषणा से 30 दिवस के भीतर निर्वाचन व्यय लेखा निर्वाचन कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए। बैठक में रिटर्निंग अधिकारी अशोक अवस्थी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अखिलेश प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। 6, 10 एवं 14 नवम्बर को प्रस्तुत करें व्यय लेखा बैठक में अवगत कराया गया कि पन्ना विधानसभा के अभ्यर्थियों को 6, 10 एवं 14 नवम्बर को व्यय लेखा प्रस्तुत करना होगा। नामांकन तिथि से हर अभ्यर्थी स्वयं या उसके निर्वाचन एजेंट द्वारा निर्वाचन के संबंध में व्यय रजिस्टर के निरीक्षण प्रचार अवधि के दौरान कम से कम तीन बार निजी रूप से या निर्वाचन एजेंट के माध्यम से या उसके द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा कराया जाना जरूरी है।

# अब तक 2 लाख से अधिक की चालानी कार्रवाई




**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत चलानी कार्यवाही की जा रही हैं। इस सबंध में जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया वाहनों की चैकिंग की गई और 17 हजार रूपये के चालान काटे गये। उन्होंने बताया एमसीसी के दौरान अब तक 02 लाख रूपये से ज्यादा की चालानी कार्यवाही की गई।

## साजिद रिजवीं बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष

**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री संगठन हितानंद शर्मा, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मंत्री प्रभु दयाल कुशवाहा, वक्फबोर्ड अध्यक्ष सनवर पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एजाज खान, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रीतम सिंह लोधी एडवोकेट, पूर्व विधायक जयंत मलैया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा संख्या मोर्चा राशिद सिद्दीकी की सहमति से एडवोकेट साजिद हुसैन रिजवी को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। वहीं बधाई देने वालों में भाजपा के पदाधिकारी हटा पूर्व विधायक टीएल तंतुवाय, पूर्व विधायक लखन पटेल, पूर्व विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी, भाजापा जिला महामंत्री सतीश तिवारी, महामंत्री रामेश्वर चौधरी, महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा जिला प्रभारी गोपाल पटेल, उमा देवी खटीक, अनवर उस्ताद, खलील दादा, अल्पसंख्यक महामंत्री अबराज चिश्ती, महामंत्री करीम खान, साहिद मजीद, रियाज कुरेशी, सद्दाम खान और बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक के लोगों और भाजपा के लोगों ने बधाइयां दी।

## थाना कुम्हारी पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**दमोह देशबन्धु।** कुम्हारी–नगर की प्रमुख गलियों से होकर विधानसभा चुनाव की सरगर्मी लगातार जोरों पर चल रही इसी कड़ी में कुम्हारी थाना पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया जो कि गांव की प्रमुख गलियों से होकर शस्त्र बल के साथ थाना प्रभारी रोहित द्विवेदी सहित तहसीलदार राजेश सोनी नायब तहसीलदार पटेरा भारी संख्या में बल मौजूद नजर आया।

# बुलेरो सहित पुलिस ने पकड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब




**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह व एसडीओपी एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली पन्ना में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में अवैध शराब के निर्माण, भण्डारण, विक्रय एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया तो 4 नवम्बर को दिन में करीब 11.45 पर मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा बिलखुरा जमुनहाई तिगड्डा ग्राम बिलखुरा पर चार पहिया वाहन बुलेरो क्रमांक एम पी 19 सीसी 7505 आरोपीगणो चालक रामानुज विश्वकर्मा पिता छेदीलाल विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी चुनरी थाना सोहागी जिला रीवा एवं साथ में अर्पित सिंह परिहार पिता विनय बहादुर सिंह परिहार उम्र 24 साल निवसी बधाव थाना नागौद जिला सतना सूर्य प्रताप सिंह परिहार पिता रामपाल सिंह पिरहार उम्र 36 साल निवसी अमकुई थाना जसो जिला सतना के कब्जे से 6 खाकी कलर के कार्टूनो में देशी मदिरा प्लेन के 300 क्वार्टर कुल 54 लीटर, एक कार्टून मे अग्रेजी बाम्बे स्पेशल बिक्सी के कुल 50 क्वार्टर कुल 9 लीटर लेमाउण्ट बीयर कुल 18 केन कुल 9 लीटर कुल जप्त शराब 72 लीटर कीमत 27,160 रूपये एवं नगद 12,750 रूपये बुलोरो कीमत 8,00,000 रूपये कुल मशरूका 8,39,910 रूपये का किया गया तथा पूछताछ की गयी एवं शराब के ठेकेदार अमित शर्मा के कहने पर उसके ठेके शराब लेकर आना बताया गया मौके आरोपीगणो को गिरफ्तार कर मय जप्त शुदा शराब एवं वाहन के थाना पर वक्त वापसी अप.क्र. 984/23 धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट का कायम कर आरोपियो को न्यायालय मे पेश किया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, शक्ति प्रकाश पाण्डेय, डीपी कुशवाहा, सोनम शर्मा, रामकृष्ण पाण्डेय, अरूण अहिरवार, लक्ष्मीनारायण यादव, संदीप तिवारी, अरूण तिवारी, रवि खरे, सलीम अली, सर्वेन्द्र अहिरवार, नीलेश, सुन्दरम त्रिपाठी, घनश्याम पटेल, बेटालाल पटेल, सत्यनारायण अग्निहोत्री, मुन्नालाल की भूमिका रही।

## पुलिस लाईन मस्जिद में हुआ आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** स्थानीय पुलिस लाइन मस्जिद में बीती रात सरकार हजरत गौस पाक की फातिहा एवं लंगर का आयोजन किया गया इस मौके पर दमोह नगर के तमाम अकीदतमंदों ने शिरकत की वही सभी मस्जिदों के पेश इमाम मौजूद रहे और तकरीर कार्यक्रम हुआ उसके बाद फ़ातिहा ख़ूवानी हुई आम लंगर का आयोजन मस्जिद कमेटी की ओर से किया गया था प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन में इस वर्ष भी बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया।

## विद्युत मंडल के कर्मचारी पर प्राण घातक हमला

**पन्ना, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अन्तर्गत ग्राम जनवार में चोरी की मोटर चलाकर सिंचाई करने वाले आरोपियो ने विद्युत विभाग के दैनिक भोगी कर्मचारी पर प्राण घातक हमला किया। फरियादी दीपक पिता गनेश रैकवार निवासी गहरा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह 1 नवम्बर को अपनी ड्यूटी के दौरान जनवार गया हुआ था। उसने देखा कि विद्यालय के बगल से शासकीय विद्युत लाईन से बिना किसी कनेक्शन के चन्द्रका कुशवाहा उर्फ पप्पू कुशवाहा द्वारा तालाब में मोटर डालकर सिचाई की जा रही है। जिसे दीपक ने मना करते हुए वैध कनेक्शन लेने के लिए कहा तो दोनो आरोपियो ने एक राय हो कर लाठी डंडो से बुरी तरह मारपीट की तथा प्राण घातक हमला किया। दीपक के हाथ की उंगली टूट गई तथा शरीर के अन्य अंगो मे भी चोटे आई है। जिसकी शिकायत फरियादी द्वारा कोतवाली पन्ना में की गई है। कोतवाली पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 353, 34 एवं 135 विद्युत अधिनियम घटित करने की धारा कायम की है। फरियादी ने आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है।

# कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने एमसीएमसी कक्ष सहित अन्य कक्ष का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ, कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्र. 218 में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी एमसीएमसी कक्ष सहित अन्य कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रानिक तथा सोशल मीडिया पर प्रकाशित और प्रसारित होने वाली खबरों, विज्ञापनों, पेड न्यूज आदि की निगरानी के लिये की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निगरानी के लिये किये गये इंतजाम को बेहतर बताते हुये सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन पूर्ण पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सी विजिल कक्ष का भी निरीक्षण किया एवं मौके पर सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम से निगरानी की एवं संबंधित अधिकारियों से मोबाइल के माध्यम से चर्चा की। मतदान दल, कम्युनिकेशन कक्ष, शिकायत कक्ष, कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दल गठन कक्ष में पहुंचकर मतदान दल के आदेशों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## मेधावी छात्रों का होगा सम्मान


**सागर, देशबन्धु।** अविजित समूह शाखा द्वारा 26 नवंबर को भाग्योदय तीर्थ में मुनि अजित सागर के सानिध्य में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान होगा। शाखा अध्यक्ष दीपेश जैन और मीडिया प्रभारी रोहित जैन ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2022-2023 में कक्षा दसवीं में 85 प्रतिशत और कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। उसके साथ ही नीट, पीएससी और एमपीपीएससी में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

## अपर कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता ऑटो रैली को दिखाई हरी झंडी



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संपूर्ण जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। रैली का उद्देश्य विशेष कर उन मतदाताओं को जागरूक करना है जो ऑटो में सफर करते हैं साथ ही ऑटो रिक्शा के पीछे मतदाता जागरूकता के फ्लेक्स चिपकाये गए हैं जिसे पढ़कर आम मतदाता जागरूक हो सके। इसी श्रृंखला में शनिवार को अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी एवं जिला पंचायत सीईओ एवं जिला नोडल स्वीप पीसी शर्मा ने मतदाता जागरूकता ऑटो रैली को हरी झंडी दिखाई। पीसी शर्मा ने बताया कि लगातार गतिविधियां कराई जा रही है जिसमें रंगोली, मेहंदी, पोस्टर चित्रकला गतिविधियों की जा रही है। जागरूकता अभियान के अंतर्गत 5 नवंबर को लायंस क्लब के द्वारा मोटर कार वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। 7 नवंबर को महिला मतदाताओं की वाहन रैली प्रातः 9 बजे विश्वविद्यालय की गौर प्रतिमा से प्रारंभ होगी जो कि मकरोनिया जाएगी। ऑटो रैली कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ हुई जो कि नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई वापस कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर समाप्त हुई।

## बंसल हॉस्पिटल में प्रथम ड्यूल मोबिलिटी कुल्हा प्रत्यारोपण की सफल सर्जरी




**सागर, देशबन्धु।** बंसल हॉस्पिटल में हुई एक नवयुवती की जटिल कूल्हा जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी, सागर जिला निवासी संजनी अहिरवार परिवर्तित नाम 22 वर्षीय युवती को कूल्हे मे दर्द के कारण चलने में असमर्थता थी। लगभग छह माह से बिस्तर पर ही पडी रहती थी साथ ही साथ युवती इस पीढ़ा के कारण तनाव से ग्रसित भी थी। शहर के लगभग सभी हॉस्पिटल ने सागर से बाहर भोपाल, नागपुर ले जाने की सलाह भी दे चुके थे। इस नवयुवती की पीढ़ा परिवार वालों के लिए दुखद थी। परिवार के परिजनों ने बंसल हॉस्पिटल के हड्डी रोग विभाग के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. चेतन शेंडे से परामर्श लिया। डॉ. शेंडे ने जांच में पाया की युवती स्टेज 4 से ग्रसित हैं, साथ ही युवती को अतिरिक्त समस्या होने के कारण इस जटिल सर्जरी में डिस्लोकेशन के सबसे ज्यादा संभावना है। ऐसे हाई रिस्क केस मे सबसे एडवांस्ड हिप रेस्प्लेसमेंट इंप्लांट का उपयोग किया जाता है जैसे डुअल मोबिलिटी हिप जोड़ प्रत्यारोपण इंप्लांट इससे डिस्लोकेशन की संभावना सबसे कम रहती है। देखा जाये तो यह सागर संभाग का पहला डुअल मोबिलिटी हिप जोड़ प्रत्यारोपण केस है। इस सर्जरी मे जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. चेतन शेंडे व बंसल हॉस्पिटल की एनेस्थेसिया एवं क्रिटिकल केयर टीम के कारण इस तरह की जटिल और एडवांस्ड सर्जरी सागर में संभव और सफल हो सकी। इस तरह की जटिल सर्जरी सागर संभाग के एक मात्र बंसल हॉस्पिटल सागर में नियमित रूप से हो रही है।

## 3 जिला बदर अपराधियों को भेजा जिले से बाहर, फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा





**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के चलते जिले में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। कोतवाली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के तीन जिला बदर आरोपियों को पकड़कर जिले की सीमा से बाहर भेजा है। इसके अलावा एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार न्यायालय के प्रकरण क्र. 2153/2021 में जारी स्थायी वारंटी इन्द्र उर्फ इन्द्राज पुत्र सोनेलाल लोधी उम्र 58 साल निवासी माल गोदाम रोड तिलकगंज वार्ड को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। इसके अलावा आदतन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए तीन जिला बदर अपराधी राजू उर्फ राजेन्द्र उर्फ दलाल पिता हरिराम अहिरवार उम्र 43 साल निवासी सूबेदार वार्ड, मक्खन उर्फ चन्द्रेश केशरवानी पिता लक्ष्मीचंद्र केशरवानी उम्र 40 साल निवासी भीतर बाजार और अज्जू उर्फ अजय घोषी पिता वृद्वावन घोषी उम्र 30 साल निवासी महिला विद्यालय के बाजू में लक्ष्मीपुरा वार्ड सागर को पकड़कर जिले की सीमा से बाहर किया गया है। जिले में अब तक 40 से अधिक आदतन अपराधियों को जिलाबदर किया जा चुका है। इस कार्यवाही में निरी. नवीन कुमार जैन थाना प्रभारी कोतवाली, बृजेन्द्र सिंह, ऋषिराज, जयराम रोहिताश, सुनील नायक, आरक्षक मंजीत सिंह, अजयशंकर, केदार, विनय, नीलेश का योगदान रहा।

## कांग्रेस सिर्फ झूठ बोलना जानती है, विकास करना नही: गोविंद सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस और उसके सारे नेता जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। यह सब चुनाव आने पर आपके पास आते हैं, झूठे दावे-वादे करते हैं और फिर पांच साल आपको दिखाई नहीं देंगे। सुरखी से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने जनसंपर्क के दौरान उपस्थित क्षेत्रवासियों से कही। उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा सुविधाओं का न केवल विकास हुआ है, बल्कि 2 सीएम राइज स्कूलों का भी यहां निर्माण हो रहा है। गांव-गांव में सड़कों का निमार्ण हुआ। नल-जल योजना से घर घर पानी पहुंच रहा है। क्षेत्र के खेजरा माफी गांव से गोविंद सिंह राजपूत ने मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद जनसंपर्क शुरू किया। इस दौरान गावों में जनसंपर्क करते हुए जनता का आशीर्वाद लिया। गोविंद सिंह राजपूत ग्राम सूरजपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए सबसे जरूरी है, सड़क, बिजली, पानी और स्कूल। इस गांव के लोग मेरे परिवार के लोग हैं। आप जो कहते हैं हम करते हैं। गोविंद सिंह राजपूत ने बकस्वाहा, केवलारी, गढ़ोली बुजुर्ग, महुआखेड़ा, जुझारपुरा समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क किया।

## 55 हजार पीएम आवासों के साथ खुरई विधानसभा क्षेत्र है विकास में नंबर वन: भूपेंद्र सिंह




**मालथौन, देशबन्धु।** खुरई में इतनी तेजी से विकास हुआ है कि यहां सात साल में हर साल विकास की तस्वीर बदल गई। एक साल पहले आये किसी व्यक्ति को दोबारा आने पर बहुत कुछ नया विकास देखने मिलता है। खुरई में 55 हजार पीएम आवास बने हैं और खुरई शहर में बने आवासों की संख्या 13 हजार है। भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह ने यहां तीन शक्ति केंद्रों के क्लस्टर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में कच्चे मकानों की कुल संख्या 1 लाख थी। इनमें से 55 हजार मकान पीएम आवास के तहत बन चुके हैं। भाजपा की सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है जो गरीबी को जातियों में नहीं बांटती। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खुरई के विकास की चर्चा प्रदेश भर में हो रही है। यहां जो हमने सात साल में विकास कर दिया वह कांग्रेस 70 साल में कर सकती थी। पर विकास नाम का शब्द कांग्रेस के शब्दकोष में नहीं है। खुरई में भाजपा की जीत का रिकार्ड बनाना है।

## मतदान 48 घंटे पूर्व से तथा मतगणना के दिन मदिरा की दुकाने रहेंगी बंद: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** जिले में मतदान तथा मतगणना के लिये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन मदिरा की सभी दुकाने बंद रहेंगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने आदेश जारी कर दिये हैं। विधानसभा निर्वाचन के मतदान के 48 घंटे पूर्व से अर्थात् 15 नवम्बर की शाम 6 बजे से 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना के दिन 3 दिसम्बर को सम्पूर्ण दिवस की अवधि के लिये सम्पूर्ण जिले में शुष्क अवधि दिवस रहेगा। इस दौरान जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, आहारगृह यथा एफएल 2, 3, 4 एवं एफएल 6, 7, 8, 9, 10 एवं 10 बीए बी-3, बी.3 में एफएल.9 क, वाईन के फुटकर बिक्री रिटेल आउटलेट, एफएलएपीसी तथा देशी विदेशी मद्य भाण्डागार को बन्द करने के आदेश दिये गये हैं। इस अवधि में मदिरा की दुकानें, होटल, रेस्टारेन्ट, क्लब एण्ड अन्य सेलिंग पाईट सर्विंग पाईट आदि में किसी को भी शराब की बिक्री सेवा करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## छात्राओं ने फेस पेंट के द्वारा चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**सागर, देशबन्धु।** युवा मतदाताओं को मतदान के मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे की उपस्थिति में 7 एमपी बटालियन की छात्राओं ने फेस पेंट के द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। स्वीप कोर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने बताया जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न नवाचार किये जा रहें है। इस कार्यक्रम में केयर टेकर कीर्ति रैकवार, डॉ. संगीता मुखर्जी, निरंजला सेन, तनिष्किा राजपूत, सुजाता सेन आदि उपस्थित थी।

## पुष्प वर्षा कर कांग्रेस प्रत्याशी का किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने मोतीनगर क्षेत्र में रविशंकर वार्ड और मोहन नगर में प्रचार किया। जहां उनका हर गली में पुष्प बर्षा कर लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उनका साथ युवा वर्ग ने दिया। कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने शनिवार को प्रचार रविशंकर वार्ड से शुरू किया। जो पुराने मोतीनगर थाने से प्रारंभ होकर मोतीनगर चौराहे तक चला। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन का क्षेत्र की जनता ने पंडाल लगाकर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र के रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप गुप्ता के घर और नरेश भंवरी के घर पर कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत हुआ। अम्बेडकर वार्ड में जिला युवा कांग्रेस के तत्वधान में कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन के जनसम्पर्क कर मतदातों से कांग्रेस पार्टी के समर्थन में अपना अमूल्य मत देने की अपील की। कांग्रेस प्रत्याशी के जनसंपर्क के दौरान पूर्व भाजपा पार्षद अखलेश घोसी ने अपने कई साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ली।

## कुशवाहा समाज ने भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन का किया सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** बाघराज वार्ड स्थित कुशवाहा समाज के लोगों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के सागर विधानसभा के प्रत्याशी शैलेंद्र जैन को आमंत्रित किया गया। बैठक का आयोजन बाघराज वार्ड के कुशवाहा समाज के नेता लोकनाथ पटेल के द्वारा किया गया बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोगों ने विधायक जैन के प्रति अपना समर्थन जताया और उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के लिए उनका सम्मान किया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि बाघराज वार्ड एवं हमारी बहन पुष्पा पटेल एक दूसरे की पूरक है आज उनकी माताजी और पूरा परिवार यहां विराजमान है बहन पुष्पा ने पूरे शिद्दत के साथ बागराज वार्ड की सेवा की है और उनके कार्यों को आगे बढ़ने का कार्य हम सभी का है प्रयास कर रहे हैं कि हमारा बाघराज वार्ड विकास की दिशा में एक नंबर पर हो, उनकी इस कार्यशैली को उनके पति लोकनाथ पटेल ने आत्मसात किया है उन्होंने कहा कि भाजपा ने चारों ओर विकास किया है हमारा सागर शहर कहां से कहां पहुंच गया है, एकजुट होकर फिर से कमल खिलाना है।

## चुनाव प्रचार के दौरान प्लास्टिक एवं गैर बायोडिग्रेडेबल का उपयोग न करें: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों से अपील की है कि निर्वाचन प्रकिया के दौरान समस्त राजनैतिक दल एवं उम्मीदवार चुनाव प्रचार प्रसार में केवल पर्यावरण अनुकूल सामग्री एवं एकल उपयोग प्लास्टिक एवं गैर.बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग करें। पर्यावरण की रक्षा व्यक्तिगत कार्य नहीं है बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी राजनैतिक दलों से चुनाव प्रचार के दौरान पोस्टर, बैनर आदि तैयार करने के लिए प्लास्टिक पॉलीथीन और इसी तरह की गैर.बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों का उपयोग न करें।

## नरयावली से कांग्रेस विधायक का बनाएं क्षेत्र के विकास की गारंटी मेरी: गुड्डू राजा बुन्देला



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक गुड्डू राजा बुंदेला ने ग्राम सानोधा में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में गुड्डू राजा बुन्देला ने कहा कि आपकी यह प्रभावी उपस्थिति इस बात को दर्शाती है कि इस क्षेत्र से भाजपा की विदाई तय हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है भाजपा के लोग सिर्फ और सिर्फ घोषणाएं करते हैं और जेब में नारियल लेकर चलते हैं। भाजपा की सरकार में कई घोटाले हुए हैं, यहां के युवाओं को रोजगार नहीं है। लोग काम मजदूरी के लिए दूसरे क्षेत्रों में जाने को मजबूर है। मप्र की भाजपा सरकार युवा, किसान व जन विरोधी सरकार है। कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र चौधरी को विजयी बनाएं और इस क्षेत्र के विकास की गारंटी मेरी। कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र चौधरी ग्राम पड़रिया, भगन्तपुरा, अमोदा व सानोधा ग्राम में जनसंपर्क करते हुये सभा के मंच पर पहुंचे और उन्होंने मंच से अपनी झोली फैला कर आशीर्वाद मांगा और चुनाव में विजयश्री दिलाने की अपील की।

## मां के साथ धोखा करने वाला सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी: प्रदीप जैन



**सागर, देशबन्धु।** मां के साथ धोखा करने वाला सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी होता है चाहे वह गौ माता की बात हो चाहे नर्मदा माता की बात हो या हमारी बुंदेली धरती माता को धोखा देने की बात हो। बुंदेलखंड की धरती भी हम बुंदेलों के लिए मां के समान है। इस मां की सेवा के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज के रूप में मप्र के लिए आवंटित 3600 करोड रुपए आवंटित किए थे। इस राशि से पूरे बुंदेलखंड में रोजगार और विकास का नया सृजन होना था। लेकिन मप्र की भाजपा सरकार ने इसमें भ्रष्टाचार कर बुंदेली धरती मां को धोखा देने का काम किया है। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य ने शनिवार को सागर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक द्वारा यहां आयोजित पत्रकार में शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, पूर्व निगम अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ कटारे, पूर्व विधायक सुनील जैन, शहर कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी तथा अवधेश तोमर भी उपस्थित थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सागर जिला भय और आतंक का पर्याय बन गया है सागर में एक तरफ भ्रष्टाचार तो दूसरी तरफ भय और आतंक का इतना जबरदस्त प्रकोप है कि यहां तिरंगा झंडा लगाने वाले को भी जेल भेज दिया जाता है उसके घर दुकान तक को तोड़ दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शिवराज सिंह और भाजपा 18 सालों से सत्ता में है लेकिन उन्होंने कभी भी बुंदेलखंड की सुध नहीं ली। बुंदेलखंड में आज ऐसा कोई दिन नहीं जाता कि गौ माता सड़क पर कुचलकर नहीं मर रही हो। मुख्यमंत्री एक तरफ तो नर्मदा को अपनी मां कहकर इसमें गंदे नालों को मिलने से रोकने की बात करते हैं वही नर्मदा मैया की छाती को अवैध खनन कर जेसीबी से छलनी किया जा रहा है। आरोप लगाया कि सागर में स्मार्ट सिटी के नाम पर बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है इसके लिए केंद्र सरकार से मिली करीब 1600 करोड रुपए की राशि का दुरुपयोग किया गया है। श्री जैन ने बुंदेलखंड पैकेज में हुए भ्रष्टाचार पर चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा आवंटित किए गए 3800 करोड रुपए में से 2200 करोड रुपए के भ्रष्टाचार और गबन की शिकायतें सामने आई थी। जिन पर कमलनाथ की 15 महीने की कांग्रेस सरकार ने ईओडब्ल्यू में जांच के आदेश भी दिए गए थे। लेकिन शिवराज सिंह ने सरकार में आते ही उस जांच को बंद कर दिया। सागर के विश्वविद्यालय को केंद्रीय दर्जा मिलने के बाद इसकी क्षतिपूर्ति के रूप में 500 करोड रुपए की राशि हजम कर जाने वाली, सागर से पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज की गरिमा को छीनने वाली, राज्य स्तरीय और महिला विश्वविद्यालय का झूठा वादा करने वाली, रोजगार के नाम पर युवाओं को धोखा देने वाली विकास के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाली मप्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का अभियान सागर में कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन को भारी बहुमत से जीताकर शुरू करें।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

# चलती ट्रेन से उतरते समय रेलकर्मी का छूटा हाथ, नीचे गिरने पर आई गंभीर चोट, इलाज के दौरान मौत



**बीना, देशबन्धु।** चलती ट्रेन से चढ़ते, उतरते समय आये दिन हादसे होते हैं और लोगों की जान चली जाती है, लेकिन इन घटनाओं से सबक नहीं लिया जा रहा है। चलती ट्रेन से उतरना कितना घातक सिद्ध हो सकता है, इसके बारे में सभी को जानकारी है, इसके बाद भी लोग ऐसा करते हैं। इसी प्रकार की एक घटना सामने आई है, जिसमें रेलकर्मी की चलती ट्रेन से उतरने समय गिरने के कारण मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही उसे रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अरुण यादव मुंगावली में सीएंडडब्ल्यू विभाग में टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ था, जो ड्यूटी करके नागदा-बीना पैसेंजर से बीना आ रहा था। झांसी गेट के पास ट्रेन के धीमे होने पर वह उतरने की कोशिश करने लगा और उसका हाथ झूठने पर फिसल कर नीचे गिर गया। घटना में उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं, इसकी जानकारी लगते ही रेलकर्मी मौके पर पहुंचे और उसे रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया, इसकी जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में रेलकर्मी मौके पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया।

## शत प्रतिशत मतदान हेतु मानव श्रृंखला बनाई

**बीना, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के भैया बहिनों ने शत प्रतिशत मतदान हेतु मानव श्रृंखला बनाकर सभी नागरिकों से शत प्रतिशत मतदान हेतु अपील की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया ने भैया बहिनों को निर्वाचन आयोग का ब्रांड एंबेसडर बनाकर वार्ड, ग्राम, नागरिकों व अभिभावकों के लिए प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सभी भैया बहिन एवं आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

## मुनि संघ के सानिध्य में पटाखा मुक्त दीपावली अहिंसा अभियान हुआ शुरू



**मकरोनिया, देशबन्धु।** संसार चक्र को समाप्त करने के लिए सिद्ध चक्र की आराधना करो यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने श्री ऋषभदेव स्थानम जैन मंदिर अंकुर एक्सटेंशन मकरोनिया में सिद्ध चक्र विधान के दौरान कही, मुनि श्री ने कहा कि जीवन में चार चीजे अवश्य करनी चाहिए। पद्म पुराण ग्रंथ का अध्ययन, किसी भी जिन मंदिर में प्रतिमा स्थापना, सिद्ध चक्र विधान और सम्मेद शिखर तीर्थ की वंदना, इन चार कार्यों से नरक गति से बच सकते हैं। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा कि शत्रुओं से भी सम्मान प्राप्त करना है तो सहन करना सीखो। स्वर्ण भी अग्नि को सहन करता है तो कलश बनाकर शिखर पर चमकता है। चमकना है, सम्मान प्राप्त करना है, तो सहन करो। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर के मार्गदर्शन में शनिवार को अहिंसा अभियान प्रारंभ हुआ। अहिंसा अभियान के तहत शास. माध्य. स्कूल रजाखेड़ी में क्षुल्लक जी ने पटाखा मुक्त दीपावली अहिंसा अभियान पर कहा कि पटाखे फोड़कर प्रदूषण मत फैलाना, बल्कि अपने पैसों से फल खाना, दीपक जलाना, अपने पैसे में आग लगाना मूर्खता है, समझदारी से सोचें, पटाखों से शरीर, स्वास्थ्य, धन व पर्यावरण दूषित, जीव हिंसा और जानवरों को बहुत पीड़ा होती है। स्कूल के बालक बालिकाओं ने पटाखे को छोड़ने का संकल्प लिया। अहिंसा अभियान के अंतर्गत पोस्टर का अनावरण किया गया एवं संकल्प पत्र भरवाये व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

## कार से जब्त की सागौन की 3 नग इमारती लकड़ी



**जरूआखेड़ा, देशबन्धु।** वन विभाग की टीम ने एक कार से सागौन की 3 नग इमारती लकड़ी जब्त कर कार्यवाही कर कार को जब्त किया है। मुखबिर की सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्रभूषण सिंह ठाकुर के निर्देश पर जरुआखेड़ा वन विभाग की टीम ने जरुआखेड़ा में सागर-बीना रोड पर एक हुंडई कार एमपी 04 केजी 1898 की जांच की। चेकिंग के दौरान कार की डिग्गी में सागौन की इमारती तीन नग लकड़ी बरामद की गई। जिसकी जब्ती कर वन अपराध प्रकरण में कार्रवाई की गई। प्रकरण में कुल 0.053 घन मीटर की लकड़ी जिसका मूल्य लगभग 30 हजार रुपए आंकी गई है। खुरई वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्र भूषण सिंह ठाकुर ने बताया कि विवेचना उपरांत वाहन को राजसात करने की कार्रवाई हेतु प्रस्तावित किया जाएगा। कार्यवाही के दौरान डिप्टी रेंजर अर्जुन सिंह कोल, वनरक्षक अंकुर सिंह राजपूत, राजेश आर्य, वीर प्रताप दिवाकर, राजेंद्र कुर्मी, हरनाम कुर्मी और संतोष रैकवार मौजूद रहे।

## मतदान दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों का हुआ प्रशिक्षण



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन की प्रक्रिया को गंभीरता से समझें। उन्होंने अधिकारी एवं अधिकारियों के लिए डाक मतपत्र की प्रक्रिया एवं 80 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा की जानकारी दी। मतदान दिवस पर मॉकपोल अवश्य करें तथा इसका प्रमाणपत्र पूर्ण करें। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। मतदाता की पहचान हेतु ईपिक कार्ड या अन्य मान्य वैकल्पिक दस्तावेज के माध्यम से मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने, ईवीएम की संचालन प्रक्रिया, चैलेंज वोट, निविदत्त मत, ईवीएम सीलिंग की प्रक्रिया से अवगत कराया। आदर्श आचरण संहिता का पालन करने एवं निर्वाचन अपराधों पर कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, मास्टर ट्रेनर डॉ. एमएल सोनी, डॉ. मुकेश निरंजन, डॉ. महेंद्र कुमार पटेल, उमेश यादव, राकेश सिंह, केके जैन, डीके शर्मा, अजय सिंह ठाकुर आदि सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार



**बांदरी, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उइके द्वारा आगामी चुनाव को देखते हुए फरार आरोपियों वारंटीयो की धड पकड़ एवं अपराधियों पर कार्यवाही हेतु लगातार निर्देश दिए जा रहे थे जिसको दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खुरई सचिन परते के नेतृत्व में थाना बांदरी प्रभारी सुमेर सिंह जगेत ने विशेष टीम का गठन कर फरार वारंटीयों की तलाश हेतु लगाया गया टीम ने धारा 364 ए 212, 216, 176 120 बी आईपीसी में वर्ष 2003 से फरार स्थायी वारंटी भगवान सिंह पिता रामराजा सिंह ग्राम लखन झिर थाना गिरार ललितपुर उत्तर प्रदेश रामराजा पिता मोहनलाल गौंड ग्राम लखन झिर थाना गिरार ललितपुर उत्तर प्रदेश का पता ज्ञात करने के बाद उक्त टीम द्वारा जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश रवाना की गई जिसने स्थानीय पुलिस के माध्यम से उपरोक्त दोनों वारंटीयो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की इसी प्रकार वर्ष 2013 से धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी में फरार वारंटी रामसेवक पिता हीरासिंह दांगी निवासी खिरियागौंड को भी पुलिस ने उसके निवास से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। उपरोक्त कार्यवाही उपनिरीक्षक मनोज वास्कले, प्रधान आरक्षक कमलेश, राजेंद्र, लोकेन्द्र, लक्ष्मी, अमर वर्मा द्वारा की गई।

## बंसल हॉस्पिटल ने जिला न्यायालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**सागर, देशबन्धु।** बंसल हॉस्पिटल सागर द्वारा जिला न्यायालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमे बंसल हॉस्पिटल सागर के डॉक्टरों द्वारा सभी कर्मचारियों एवं वकीलों व अधिकारियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में लगभग 56 अधिकारियों, 252 कर्मचारियों समेत कुल 328 लोगो का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरून सिंह प्रिंसिपल डिस्ट्रिक जज, मनीष भट्ट डिस्ट्रिक जज, अंकलेश्वर दुबे प्रेसिडेंट डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन रहे। शिविर में जिला न्यायलय स्टॉफ एवं बंसल हॉस्पिटल के स्टॉफ ने विशेष योगदान दिया।

## पेन्शनर्स ने 46 प्रतिशत मंहगाई राहत प्रदान करने की मांग करते हुये शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया




**सागर, देशबन्धु।** पेन्शनर्स एसोसियेशन मप्र जिला शाखा सागर की मासिक बैठक श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गयी। हरिओम पाण्डेय प्रान्तीय संगठन सचिव एवं अध्यक्ष जिला सागर ने बैठक की अध्यक्षता की। ब्रजबिहारी उपाध्याय संभागीय अध्यक्ष ने बैठक का संचालन एवं अरविन्द चौबे सचिव जिला सागर ने आभार व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित पेन्शनर्स ने एक स्वर में मप्र राज्य शासन द्वारा पेन्शनर्स की लम्बित मांगों एवं समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर अपना असंतोष व्यक्त करते हुये राज्य पेन्शनर्स ने केन्द्र के समान 4 प्रतिशत मंहगाई राहत में वृद्धि कर 46 प्रतिशत मंहगाई राहत दीपावली के पूर्व प्रदान करने की मांग की। बैठक में उपस्थित समस्त पेन्शनर्स ने मतदान, महादान उक्ति को चरितार्थ करते हुये एकजुटता के साथ एकमत होकर अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ पूरी समझदारी से शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। पेन्शनर्स की अनेक मांगें लम्बित हैं, विगत वर्षों में अनेक बार धरना प्रर्दशन एवं ज्ञापन देने के बाद भी राज्य शासन द्वारा इनका निराकरण नहीं किया गया हैं, जिससे पेन्शनर्स में भारी असंतोष, घोर निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है। बैठक में सुदामा प्रसाद रैंकवार, अमरजीत सिंह सालूजा, एसके कुरैशी, शिवराज सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम लाल उपाध्याय, सत्यनारायण सोनी, एनआर श्रीवात्री, अमान सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## मतदाता जागरूकता वाहन रैली का आयोजन 7 को

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदाता जागरूकता के लिए 7 नवबंर को प्रात: 9 बजे महिला शिक्षिकाये, छात्राओं द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। वाहन रैली को कलेक्टर दीपक आर्य झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उक्त वाहन रैली गौरमूर्ति स्थल से प्रारंभ होकर मकरोनिया चौराहे तक जाएगी। वाहन रैली में जिले की विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग लेंगी।

## बच्चों से चुनाव प्रसार नहीं करवा पायेंगे राजनैतिक दल, प्रत्याशी

**सागर, देशबन्धु।** निर्वाचन प्रकिया के दौरान राजनैतिक दल, प्रत्याशियों द्वारा किये जाने वाले निर्वाचन प्रचार प्रसार एवं राजनैतिक गतिविधियों में बाल श्रम का उपयोग पूर्णत: वर्जित रहेगा। किसी भी राजनैतिक दल, प्रत्याशियों, निर्वाचन अधिकारियों द्वारा यदि बाल श्रम का नियोजन किया जाना पाया जाता है तो बाल श्रम अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## नहीं रहे पत्रकार यूनुस खान, बीमारी के चलते हुआ निधन



**केसली, देशबन्धु।** केसली नगर के पत्रकार यूनुस खान का बीमारी के चलते निधन हो गया उनका इलाज भाग्योदय सागर में चल रहा था। वे 42 वर्ष के थे। यूनुस खान मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनका अंतिम संस्कार ईदगाह पर किया गया। यूनुस खान 20 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में काम कर रहे थे यूनुस खान का निधन होने से पत्रकारिता क्षेत्र में शोक की लहर प्राप्त है। वे अपने पीछे बड़े भाई अनीश खान, यासीन खान एवं पुत्र जुनैद सहित पत्नी को छोड़ गए। यूनुस खान के निधन होने पर केसली नगर के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## मीरा बृजपुरिया का 97 वर्ष की आयु में निधन

**देवरीकलां, देशबन्धु।** नगर के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय बृजपुरिया की माता मीरा बृजपुरिया का 97 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार की रात्रि में निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को संगम घाट झुनकू वार्ड देवरी में किया गया। जिसमें संजय बृजपुरिया ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री हर्ष यादव, कैलाश पटैल, पूर्व जनपद अध्यक्ष विनीत पटैरिया, शिवदयाल सोनी, अनिल जैन, अनिल मिश्रा, डॉ. अवनीश मिश्रा, अनिल ढिमोले आदि सहित अधिवक्ता, पत्रकार एवं गणमान्य लोगों उपस्थित थे।

## काश ! संयुक्त परिवार का दौर, आज भी होता तो जीवन कितना आनंदमय होता: पूरन सिंह राजपूत

**सागर, देशबन्धु।** सागर की साहित्यिक गतिविधियों के मध्य एक ऐतिहासिक स्मरणीय प्रयासों की चर्चा भी बन जाएगी कि सागर ने 1503 वीं गोष्ठी निर्वाध गति से निरंतर क्रम में संपन्न हो गई। संगोष्ठी का संचालन करते हुए डॉ. नलिन जैन ने अवगत कराया कि प्रति शनिवार दिन के 2.30 बजे से प्रारंभ होने वाली यह गोष्ठी 5 हफ्ते बाद अपनी 29 वर्ष की यात्रा संपन्न करेगी। गोष्ठी सह संयोजक पूरन सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। दमोह की कवियित्री विमला तिवारी के द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से संगोष्ठी की शुरुआत हुई। संगोष्ठी के अध्यक्ष पूरन सिंह राजपूत ने संयुक्त परिवार की महत्ता दर्शाते हुए, कहा कि पहले संयुक्त परिवार परम्परा में माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची आदि सभी एक ही छत के नीचे रहते थे। आपसी प्रेम सद्भाव के साथ समय-समय पर एक दूसरे के सहायतार्थ भी सदा तत्पर रहते थे। परंतु आज एकल परिवार के दौर में व्यक्ति अकेला ही अपनी परिवार का खेवैया होकर रह गया है और जीवन की विविध कठिनाइयों को स्वयं ही झेल रहा है। निश्चित ही कभी मन में यह विचार तो आता ही होगा कि, काश! संयुक्त परिवार का दौर आज भी होता तो जीवन में कितना सुकून होता। काव्यपाठ करते हुए कहा कच्ची मिट्टी की दीवार, छानी छप्पर था। आंगन और कुठरिया, जिनको कहते बाखर था। नीम तले माता की चौकी, अनगढ़ पत्थर था। पीपल नीचे गोल बटैंया, हर एक शंकर था। गोष्ठी के संयोजक बेलिहाज चौबे ने अपने स्वागत भाषण में कहा जीवन के आनंद, मंगल के दीप पर्व का शुभागमन है। यह लक्ष्मी पर्व है, लक्ष्मी जीवन के लिए आवश्यक है पर कदाचार से उपजे धन से बचे, पसीने से महकते, श्रम से अर्जित, धन ही सद् लक्ष्मी होकर, आनंद दायी है। लोकतंत्र का त्यौहार मतदान भी समीप है। मत का बुद्धिमत्ता से दान करें, मत का व्यापार न करें। काव्य पाठ करते हुए कहा युग तुम चाहे जितने परिवर्तन स्वीकार करो, यह क्रम तो अवश्यंभावी है। किन्तु तुम आते जाते कुछ सच भी स्वीकार करो। भाग रहा अपनत्व धरा से, छल बल आराध्य बना है। विश्वासों की आस्तीन में, विषधर आज पला है। गोष्ठी में उपस्थित कवियो ने काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजनों ने कवियों का उत्साह वर्धन किया और गोष्ठी के संयोजक मणीकांत चौबे ने आभार व्यक्त किया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में मालथौन ने बरोदियाकलां को हराया



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन में चल रहे सनसिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के अहम मुकाबला बरोदियाकलां गोल्डन ओर यंगस्टार मालथौन के बीच मैच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मालथौन ने निधारित 10 ओवर में विशाल 93 रनों का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में गोल्डन बरोदिया मात्र 30 रनों पर समिट गई। मालथौन की ओर से देवेंद्र पटेल ने 36 इरशाद खान 31 रनों की धुआंधार पारी खेली और गेंदबाजी में पुष्पेंद्र सिंह परिहार और प्रीत दीक्षित ने 3-3 विकेट लिए देवेंद्र पटेल को मैन ऑफद मैच चुना गया।

## विधानसभा निर्वाचन का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न



**राहतगढ़, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा 2023 का निर्वाचन 17 नवंबर को होना है। जिसके चलते द्वितीय प्रशिक्षण शनिवार को सुरखी विधानसभा रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार सेन के निर्देशन में सीएम राइज विद्यालय में संपन्न हुआ। चार केंद्रों पर 375 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें ईव्हीएम का संचालन बताया गया। उक्त प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर आरके कपूर, मोनिश, विनोद ताम्रकार, एमजी तिवारी, इरफान सिद्दीकी, शैलेंद्र राजपूत, अमित जैन, चंदन सागर, नवीनकुमार राय, नंदगोपाल साहू, हनुमतसिंह गौर ने दिया। निर्वाचन शाखा की ओर से वकील खान एवं अमित यादव सम्मिलित रहे।

## सनौधा पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अवैध शराब के परिवहन बिक्री को पूरी तरह से रोकने हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था इसी क्रम में शनिवार को थाना सनौधा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम साईखेड़ा तरफ से एक बुलेरो कार में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब का परिवहन कर डुगासरा तरफ आ रहा है जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी सानौधा द्वारा तत्काल मौके पर तस्दीक हेतु थाना से पंकज सेन को ग्राम डुगासरा भेजा। ग्राम डुगासरा एवं लिधौरा खुर्द के बीच आम रोड पहुंचकर नाकाबंदी की, थोड़ी देर बाद एक बुलेरो क्र. एमपी 04 बीए 2570 आती दिखी जिसे हमराह स्टाफ प्र.आर.पंकज व राहगीर गवाहान की मदद से रोककर चालक का नाम पता पूछा जिसने अपना सनद यादव पिता सुदामा यादव उम्र 35 साल निवासी ग्राम घुरेटा थाना सानौधा जिला सागर का होना बताया। उक्त बुलेरो गाड़ी को चेक किया तो बीच की सीट पर 6 खाकी रंग के पुठ्ठा के कार्टून रखे हुए थे जिन्हे नीचे उतारकर चेक किया तो प्रत्येक कार्टून में 50-50 पांव पावर बिस्की लाल देशी मसाला शराब के शील बंद, प्रत्येक पांव मे 180 एमएल कुल 300 पाव, कुल मात्रा 54 बल्क लीटर, कीमती करीब 27,900 रूपये मिली एवं बुलेरो कार एमपी 04 बीए 2570 कीमत करीब 3 लाख रूपये, कुल 32,7900 रूपये जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत थाना सानोधा में कायम कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरी. आरपी दुबे थाना प्रभारी सानोधा, हरिनारायण, प्रीति थापा, राजेश पाण्डेय, पंकज सेन, शाहिद खान, प्रदीप नामदेव, ननका कंनेश का योगदान रहा।

# बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म में सहयोग करने वाले आरोपियो को आजीवन सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म में सहयोग करने वाले अभियुक्तो किशन लोधी, गुलझार लोधी, मुलायम लोधी, भुरीबाई लोधी, बतीबाई लोधी एवं अनीता लोधी को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 363, 366ए के तहत 5-5 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच-पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा.344 के तहत 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड धारा.506(भाग.2) के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड तथा पाक्सो एक्ट की धारा.17 के तहत 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा एससी एसटी एक्ट की धारा. 3(2)(व्ही-ए) के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड तथा धारा. 3(2)(व्ही) के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में मुख्य अभियुक्त को सजा हो चुकी है। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता के पिता ने 4 फरवरी 2016 को थाना बंडा में रिपोर्ट लेख कराई कि उक्त दिनांक को करीब 11.30 बजे उसकी लड़की पीड़िता व उसकी छोटी लड़की, साईकिल से पढ़ने के लिये स्कूल गई थी, शाम करीब 5 बजे उसकी छोटी लड़की घर पहुंच गई किन्तु पीड़िता के घर नहीं पहुंचने पर छोटी लड़की से पीड़िता के बारे में पूछने पर उसने बताया कि वे दोनों बहनें स्कूल में प्रार्थना करके अपनी-अपनी कक्षा में चली गई थी, 3 बजे लंच की छुट्टी में बालिका पीड़िता स्कूल में दिखी थी, पर छुट्टी होने पर बालिका पीड़िता नहीं दिखी तो वह जहां साईकिल रखकर स्कूल जाते हैं, साईकिल उठाने आयी तो उसे बालिका पीड़िता की साईकिल वहा रखी मिली, लेकिन बालिका पीड़िता साईकिल उठाने नहीं आई तो वह अकेली घर आ गई। तत्पश्चात् बालिका पीड़िता की तलाश रिश्तेदारों में करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष एवं सहयोग करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** शादी का झांसा देकर बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त शहजाद पठान को भादवि की धारा 366 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड एवं पॉक्सों एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा अभियुक्त ऋषि खटीक को भादवि की धारा. 363 व 366.क के तहत 5-5 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रूपये अर्थदण्ड एवं पॉक्सों एक्ट की धारा. 4/17 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता की मां ने 8 अगस्त 2021 को पुलिस थाना केन्टोन्मेंट में रिपोर्ट लेख कराई कि उक्त दिनांक को उसकी लड़की पीड़िता सुबह करीब 7.30 बजे पानी भरने गई थी जो काफी देर तक पानी भरकर वापस नहीं आई तब उसने नल के पास जाकर देखा कि वहां पर कुप्पा रखा है लेकिन बालिका नहीं है। आस पास पूछने पर भी बालिका का कोई पता नहीं चला। अभियुक्त शहजाद पठान द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। 10 अगस्त 2021 को बालिका के दस्तयाब होने पर उसने अपने कथनों में बताया कि 8 अगस्त 2021 को अभियुक्त शहजाद उसे शादी का कहकर उसके दोस्त अभियुक्त ऋषि खटीक के साथ मिलकर मोटरसाईकिल से आगरा ले गया और जहां अभियुक्त शहजाद द्वारा उसके साथ बलात्कार किया गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।